तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




सिम्स के अंदर बीच में कार पार्किंग करने पर ट्रैफिक पुलिस क्रेन से ले जाते हुए।

## शव वाहन व डीप फ्रीजर का लोकार्पण आज

**बिलासपुर।** फोरम ऑफ़ रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स छत्तीसगढ़ जिला समिति द्वारा संघ रत्न इंजी. स्व. सुरेन्द्र सिंह टुटेजा की स्मृति में जनकल्याण के लिए शव वाहन एवं डीप फ्रीजर प्रदान किया जा रहा है। 22 अप्रैल को शाम 4 बजे नेहरू चौक स्थित जल संसाधन विभाग के प्रार्थना भवन में कलेक्टर संजय अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता वरुण राजपूत की उपस्थिति में शव वाहन और डीप फ्रीजर सेंट्रल गुरुद्वारा लोक न्यास ट्रस्ट गोंड़पारा को सौंपा जाएगा।

# बिलासपुर से दिल्ली की मिलेगी सीधी उड़ान, 3 मई से शुरू होगा ढाई घंटे का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से जल्द ही दिल्ली तक की सीधी उड़ान मिलेगी। राज्य सरकार और अलायंस एयर ने इसकी घोषणा कर दी है। 3 मई यानी रविवार को यह ऐतिहासिक दिन होगा। दिल्ली से बिलासपुर और बिलासपुर से दिल्ली की सीधी उड़ान हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए सुखद होगा।

बिलासा एयरपोर्ट से दिल्ली के बीच सीधी हवाई सेवा की मांग लंबे समय से की जा रही है, जिसके अब पूरे होने के दिन नजदीक आ चुके हैं। अलायंस एयर द्वारा दिल्ली की उड़ान शाम 6.20 बजे बिलासपुर पहुंचेगी और 6. 45 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी। करीब ढाई घंटे का सफर तय कर रात 9. 25 बजे दिल्ली में लैंड किया जा सकेगा। शुरूआती दिनों में यह सेवा रविवार के लिए ही शुरू की जा रही है, जिसे यात्रियों की मांग पर हफ्ते में दो दिन बढ़ाया जा सकता है। इस फ्लाइट के द्वारा यात्री दिनभर के अपने कार्यों को निपटाने के बाद शाम को सीधे देश की राजधानी के लिए यात्रा कर सकेंगे। खासतौर पर व्यावसायिक, शासकीय और निजी कार्यों से यात्रा करने वाले लोगों के लिए यह सेवा बेहद सुविधाजनक सफर साबित होगी। इसके साथ ही, शाम के समय उड़ान संचालन से एक महत्वपूर्ण तकनीकी लाभ भी मिलेगा। दरअसल दोपहर के उच्च तापमान के कारण विमानों पर लगने वाली 'लोड पेनल्टी' बंद हो जाएगा, और विमान अपनी पूर्ण क्षमता के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार होगा। इससे अधिक यात्रियों को सीट उपलब्ध होगी। इस हवाई सेवा से बिलासपुर के साथ ही संभाग में आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी जिससे कनेक्टिविटी से व्यापार, पर्यटन और निवेश के अवसर बढ़ेंगे।



### हवाई कनेक्टिविटी को मिलेगी रफ्तार

- अलायंस एयर जारी कर सकता है दो दिनों का रि-शेड्यूल

### सदस्यों ने कहा - राज्य सरकार पहल करे

हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति के सदस्य सुदीप श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे प्रतिनिधि अलायंस एयर के अधिकारियों से मुलाकात कर दिल्ली की सीधी उड़ान की मांग कर चुके है। उन्होंने कहा कि संपर्क क्रांति, राजधानी एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस बुधवार के दिन नहीं होती है, ऐसे में रविवार के अलावा बुधवार को भी दिल्ली की सीधी उड़ान चलाई जानी चाहिए। जिससे यात्रियों की कोई कमी नहीं होगी और सफर भी सुविधाजनक होगा।

### केन्द्रीय मंत्री से की मुलाकात

बिलासा एयरपोर्ट से बोइंग विमान उड़ाने और एयरपोर्ट को विकसित करने की मांग को लेकर बिलासपुर एयरपोर्ट अवेयरनेस टीम ने केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू से मुलाकात की। केन्द्रीय मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में सदस्यों ने कहा कि बिलासा एयरपोर्ट राज्य सरकार के आधीन है इससे विस्तार और आधुनिक सुविधाएं बढ़ाने में वित्तीय और तकनीकी समस्या सामने आ रही है। ऐसे में एयरपोर्ट को एएआई को सौंप कर 4सी अपग्रेडेशन और महानगरों तक सीधी उड़ान पूरी की जा सकती है। सदस्यों ने रेलवे कोचिंग टर्मिनल विस्तार के बारे में भी केन्द्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा है।





बिल्हा मुख्य मार्ग पर कुछ असामाजिक तत्वों ने वहां से गुजर रहे वाहनों पर पथराव किया।

### दो दिन से बिल्हा, भाठापारा में हत्यारे युवकों की तलाश

पत्थरबाजी से एक ड्राइवर की मौत होने से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। एसीसीयू टीम व बिल्हा पुलिस पिछले दो दिन से बिल्हा व भाठापारा में पत्थरबाजी करने वाले युवकों के तलाश में इधर उधर भटक रही है। किन्तु पत्थरबाजी कर ड्राइवर की हत्या करने वाले युवकों को पता नहीं लगा पाई है।

### दूसरे दिन मिली पत्थरबाजी की जानकारी

घटना की रात बिल्हा पुलिस स्कार्पियों पलटने की सूचना पर मौके पर जा रही थी। रास्ते में स्वराज माजदा का ड्राइवर घायल मिला। उसे डायल 112 से सिम्स भेजकर स्कार्पियों में घायल बरातियों को सिम्स भेजा गया था। दूसरे दिन 20 अप्रैल को खेत में ट्रक का ड्राइवर घायल अवस्था में मिला। ड्राइवर ने युवकों के द्वारा गाड़ियों में पत्थरबाजी करने की जानकारी दी गई। उसके बाद पुलिस हरकत में आई है।

## पत्थर लगने से बाराती स्कार्पियों पेड़ से टकराकर पलटी

# रात 12.30 बजे बिल्हा में तीन वाहनों पर पत्थरबाजी, ड्राइवर की मौत, 5 घायल

### मुख्य मार्ग पर बाइक सवार युवकों का रातभर आतंक

### पत्थर लगने से अनियंत्रित होकर खेत में घुसा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देर रात बाइक सवार दो युवकों ने बिल्हा मुख्य मार्ग में जमकर आतंक मचाया। इस दौरान युवकों द्वारा उस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों पर ईंट व पत्थर से मारा जा रहा था। पत्थरबाजी के दौरान ईंट लगने से बारात लेकर लौट रही स्वराज माजदा के ड्राइवर की मौत हो गई। साथ ही एक अन्य ट्रक के ड्राइवर को सिर में चोट लगा और वाहन अनियंत्रित होकर खेत में घुस गया। इसके अलावा बाराती स्कार्पियों पेड़ से टकराकर पलट गई। जिसमें 5 बाराती घायल हो गए है। पुलिस अभी तक पत्थरबाजी करने वाले युवकों को नहीं पकड़ पाई है।

बिल्हा पुलिस के अनुसार, 19 अप्रैल की रात बलौदाबाजार ग्राम रवान निवासी ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीबी, 0655 में अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री से सीमेंट लोड कर चालक सोनू राज चकरभाठा अनलोड करने जाने निकला था। भाठापारा बिल्हा मेन रोड ग्राम झाल में रात 12.30 बजे पहुंचा ही था कि इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने फ्लाई एक्स ईंट से ड्राइवर साइड को फेंककर मारा। कांच टूट कर ईट ड्राइवर के सीने में लगा। जिससे ट्रक रांग साइड अनियंत्रित होकर खेत में घुसकर नव निर्माण मकान से टकरा गया। जिससे ड्राइवर के सीने में अंदरूनी चोट पहुंची है। इसके बाद 500 मीटर की दूरी में बाइक सवार दोनों युवकों ने उत्पाद मचाते हुए बेलटुकरी से बारातियों को लेकर पथरिया लौट रहे स्वराजमाजदा के ड्राइवर साइड को ईंट फेंककर मारा। जिससे ड्राइवर पथरिया तुमाढेरा निवासी देवकुमार भोसले पिता जगदीस प्रसाद भोसले 40 साल के सिर में गंभीर चोंट आई और बारातियों में हड़कंप मच गया।

आनन फानन में बारातियों के द्वारा घायल ड्राइवर को इलाज के लिए सिम्स ले जाया जा रहा था लेकिन खून अधिक बहने के कारण ड्राइवर देवकुमार भोसले की रास्ते में मौत हो गई। सिम्स पहुंचने पर ड्राक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद भी बाइक सवार युवकों का उपद्रव खत्म नहीं हुई। बेलगाम युवकों द्वारा 3 किलो मीटर दूर बलौदाबाजार से बारात जा रहे स्कार्पियों के ड्राइवर साइड में लाल रंग के पत्थर फेंककर मारा गया। ड्राइवर को चोट लगने से स्कार्पियों अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में 5 बाराती घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रक मालिक ट्रासपोर्टर अनवरी अली की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 110 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### आरोपी की तलाश जारी

20 अप्रैल की रात बिल्हा मुख्य मार्ग में बाइक सवार दो युवकों ने तीन वाहनों में पत्थरबाजी की है। पत्थर लगने से स्वराज माजदा के ड्राइवर की मौत हो गई है। दूसरे वाहनों में सवार कई लोग घायल हुए है और वाहनों के कांच टूट गए है। आरोपी युवकों की तलाश की जा रही है।

**- तोप सिंह नवरंग** बिल्हा टीआई

### पूर्व में गौरवपथ रोड में हुई थी पत्थरबाजी

ध्यान रहे कि करीब तीन महीने पहले महाराणाप्रताप चौक से मंगला चौक जाने वाले गौरवपथ मार्ग में शराब दुकान के पास रात 12 बजे के बाद जरहाभाठा मिनीबस्ती से मुख्य मार्ग में अंधाधूंध पत्थरबाजी की जा रही थी। पत्थरबाजी होने से राहगीरों में दहशत का महौल हो गया था। सूचना पर सिविल लाइन सीएसपी ने बल के साथ उस मार्ग में सघन जांच की थी। लगातार गश्त के बाद पत्थरबाजी होना बंद हुआ था।

### रतनपुर में कार सवार महिला हुई थी घायल

एक पखवाड़ा पहले एमपी में रहने वाले एक परिवार रात में बिलासपुर से कार से एमपी लौट रहे थे। रतनपुर मुख्यमार्ग में उनके कार में पथराव कर दिया गया था। पत्थर लगने से कांच टूटकर पत्थर महिला के चेहरे में लगा था। जिससे महिला घायल हो गई थी। बाद में पुलिस ने पत्थरबाजी करने वाले युवकों को गिरफ्तार कर लिया था।

# ट्रेनों में 'नो रूम', तत्काल वेटिंग भी 100 के पार

## ज्यादातर ट्रेनों में मई तक सीटें फुल, वेटिंग 150 के पार पहुंच चुकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही बिलासपुर से लंबी दूरी की ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। ज्यादातर ट्रेनों में मई तक सीटें फुल हैं और वेटिंग 100 से 150 के पार पहुंच चुकी है। तत्काल टिकट भी काउंटर खुलने के दो मिनट के भीतर खत्म हो रहा है। मुंबई, दिल्ली और वाराणसी जाने वाली अधिकांश ट्रेनों में मई तक अधिकांश ट्रेनों में 'नो रूम' की स्थिति बन गई है। तत्काल टिकट के लिए काउंटर से लेकर बाहर तक लंबी कतार लग रही है। यात्री सुबह से लाइन में लगकर काउंटर खुलने का इंतजार कर रहे हैं और जैसे ही टिकट विंडो खुल रही महज दो मिनट में ही टिकट खत्म हो जा रहा है। मंगलवार की सुबह भी ऐसा ही हुआ। इससे ज्यादातर यात्रियों को निराश होकर लौटना पड़ा।



रेल प्रशासन का दावा है कि सबसे अधिक भीड़ वाले रूट पर स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। इसके बाद भी हालांकि लोगों को राहत मिलती नहीं दिख रही है। इस वर्ष भी रेलवे ने बिलासपुर से रवाना होने के अलावा गुजरने वाली समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन तो शुरु किया है, लेकिन यह ट्रेनें दो तीन माह के बजाय एक या दो तीन फेरे के लिए चलाई जा रही हैं।




मंगलवार को बिलासपुर स्टेशन पर ट्रेन में पैर रखने की जगह नहीं थी।

### यात्री सुबह से लाइन में लगकर काउंटर खुलने का इंतजार कर रहे

### ट्रेनों में इस तरह की वेटिंग

**मुम्बई की ट्रेनों में -** 12810 हावड़ा-सीएसटीएम मेल के एसी थ्री में 75, 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस के थ्री ए में 101, 2ए में 65, 12860 हावड़ा-मुम्बई गीतांजली एक्सप्रेस के थ्री ए 59, 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी 3ए 56, 12102 ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स के थ्री ए 58, 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस थ्री ए 66, 22512 कर्मभूमि एक्सप्रेस थ्री ए की 103, 12880 भुवनेश्वर एलटीटी थ्री ए 56 वेटिंग है।

**हावड़ा की ट्रेनो में -** 12261 हावड़ा दूरंतो के थ्री ए में 105, टू ए में 58, 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस के 3ए में 55, 2ए में 40, 12809 हावड़ा मेल के थ्री ए में 42, 12129 आजाद हिंद एक्सप्रेस के थी ए 35, 12859 गीतांजली एक्सप्रेस थ्री ए 67, 2ए 29, 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस थ्री ए 55, 22905 ओखा-शालीमार 3ए 18 की वेटिंग चल रही है।

**दिल्ली और प्रयागराज की ट्रेनों में -** 18477 उत्कल एक्सप्रेस के थ्री ए 108, 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस एसी थ्री 38, 12823 छत्तीसगढ़ संपर्कक्रांति थ्री ए 29, जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस के एसी थ्री 55 और एसी टू में 28, 15160 सारनाथ एक्सप्रेस एसी थ्री में 111, 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस एसी थ्री में 35 से वेटिंग है।

### तत्काल विंडो भी 2 मिनट में बंद

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में सारी ट्रेनों के एसी कोच की वेटिंग काफी बढ़ जाती है। एसी कोच में अगर एक भी वेटिंग हो तो उसे सफर करने की अनुमति नहीं है। गर्मी अधिक के कारण एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या अधिक हो गई है, जिसकी वजह से तत्काल ओपन होते ही यात्रियों को बड़ी मुश्किल से कंफर्म टिकिट मिल पा रही है। वर्तमान में ऐसी स्थिति हो गई है कि तत्काल में वेटिंग के आंकड़ें ने शतक पार कर दिया है।

### हादसे की जांच के लिए 29 तक मंगाए साक्ष्य

**बिलासपुर।** वेदांता पावर लिमिटेड, सिंघीतराई में हुई औद्योगिक दुर्घटना के संबंध में साक्ष्य एवं दस्तावेज 29 अप्रैल को प्रस्तुत कर सकते हैं। बिलासपुर स्थित संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपस्थित होकर साक्ष्य और तथ्य प्रस्तुत कर सकते हैं। कार्यालय आयुक्त, बिलासपुर संभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार उक्त दुर्घटना 14 अप्रैल को प्लांट की बॉयलर यूनिट-1 में स्टीम पाइप की वाटर सप्लाई लाइन के जॉइंट में तकनीकी खराबी के कारण हुई थी, जिसमें 34 श्रमिक प्रभावित हुए।

## निगम और ट्रैफिक के अधिकारियों ने किया मौके का निरीक्षण

# जबड़ापारा से राम सेतु पुल तक बनेगी सीधी एप्रोच रोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा क्षेत्र अब शहर का नया जाम जोन बनता जा रहा है। खास तौर पर महामाया चौक और रामसेतू चौक में सुबह से शाम तक गाड़ियों की कतार लगी रहती है। इससे लोग खासे परेशान हो रहे हैं। इस गर्मी के दिनों में एक तरह से उन्हें प्रताड़ित होना पड़ रहा है। अब राम सेतु चौक पर प्रतिदिन लगने वाले जाम की परेशानियों से बचने के लिए जबड़ापारा से राम सेतु पुल के लिए सीधे एप्रोच रोड बनाया जाएगा। इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसके बाद इस्टीमेट बनाते हुए टेंडर किया जाएगा। इससे जबड़ापारा और बंगालीपारा के लोगों को काफी राहत मिलने की बात कही जा रही है।



रामसेतू चौक पर ट्रैफिक विभाग की ओर से सिग्नल लगाया गया है। इसमें एक रास्ता जबड़ापारा की तरफ तो एक रास्ता बंगालीपारा मुक्तिधाम की तरफ भी जाता है। जबड़ापारा से पुल की ओर जाने वाले लोगों को अधिक परेशानी होती है क्योंकि पुल पर चढ़ने के साथ ही मोड़ पड़ता है। मोड़ पर ही सिग्नल और दुकानें भी हैं। इस परेशानी से सैकड़ों लोग रोजाना परेशान हो रहें। इसे देखते हुए एमआईसी सदस्य विजय ताम्रकार और क्षेत्र के पार्षद और जोन अध्यक्ष राजेश दुसेजा ने निगम से व्यवस्था सुधारने की मांग की थी। मामले को नगर विधायक अमर अग्रवाल को भी अवगत कराया गया था। मंगलवार की शाम निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, अधिक्षण अभियंता एसपी साहू, एडिशन एसपी ट्रैफिक राम गोपाल करियारे मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पुराने पुल से रामसेतू चौक तक निरीक्षण कर यातायात में लगने वाले जाम का जायजा लिया।

### प्रस्ताव के साथ इस्टिमेट बन रहा

गौरतलब है कि इससे पहले ट्रैफिक समस्या से राहत के लिए एमआईसी सदस्य विजय ताम्रकार द्वारा पूर्व में डिवाइडर निर्माण का भी प्रस्ताव दिया गया था। इसकी स्वीकृति निगम आयुक्त ने सामान्य मद से दी थी। इसका टेंडर किया जा चुका है और काम भी जल्द शुरू होगा। अधिक्षण अभियंता एसपी साहू ने बताया कि नया एप्रोच रोड बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। ध्यान रहे कि इससे पहले सरकंडा इलाके में जाम की समस्या से निपटने के लिए अरपा के पुराने पुल से लगे हुए टू लेन पुल का निर्माण किया गया है। इसके बाद भी जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पाई है।

### जाम से मिलेगी राहत

पुराने पुल से रामसेतू चौक तक निरीक्षण कर यातायात में लगने वाले जाम का जायजा लिया गया। जाम की परेशानियों से बचने के लिए जबड़ापारा से राम सेतु पुल के लिए सीधे एप्रोच रोड बनाया जाएगा। इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

**- एसपी साहू,** अधीक्षण अभियंता



## खबर संक्षेप

### अक्षय तृतीया पर बच्चों ने रचाया गुड्डे-गुड़िए का विवाह

**सीपत।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सीपत अंचल में बच्चों के बीच पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक रंग देखने को मिला।



इस खास दिन पर बच्चों ने पूरे विधि-विधान के साथ गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाकर लोक परंपराओं को जीवंत किया। गांव के विभिन्न मोहल्लों में बच्चों ने बारात, जयमाला, फेरे और विदाई जैसी सभी पारंपरिक रस्मों को बड़े ही उत्साह और आनंद के साथ निभाया। बच्चों ने स्वयं दूल्हा-दुल्हन का रूप सजाया और गीत-संगीत के बीच विवाह की रस्में पूरी कीं। इस दौरान आसपास के लोग भी इस आयोजन का हिस्सा बने और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। अक्षय तृतीया पर गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जो नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और रीति-रिवाजों से जोड़ने का माध्यम बनती है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने की खारंग खुड़िया से पानी छोड़ने की मांग

**बिलासपुर।** भीषण गर्मी के कारण जिले में बढ़ते जलसंकट को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने बिलासपुर व मुंगेली कलेक्टर को पत्र लिख कर खारंग व खुड़िया जलाशय से नहरों में पानी छोड़ने की मांग की है।



पत्र में उल्लेख किया गया है कि, लोगों को निस्तारी में हो रही समस्याओं को देखते हुए खारंग व खुड़िया जलाशय से नहर में पानी छोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इससे आसपास के क्षेत्र के लोगों को पानी की समस्या नहीं होगी, साथ ही नहर व नदी में पानी रहने से जलस्तर भी नीचे नहीं जाएगा।

### भाजयुमो का आक्रोश प्रदर्शन पुतला दहन आज

**सीपत।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर भाजपा युवा मोर्चा बिलासपुर ग्रामीण एवं महिला मोर्चा बिलासपुर ग्रामीण की अगुवाई में महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विपक्ष के रवैये के विरोध में आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। इसके तहत आज 22 अप्रैल बुधवार को सुबह 10:30 बजे नवाडीह चौक सीपत में पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भाजयुमो पदाधिकारियों ने बताया कि, विपक्ष द्वारा महिला आरक्षण विधेयक को सदन में पारित न होने देने के विरोध में यह प्रदर्शन किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि, यह कदम महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के खिलाफ है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं आमजन के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। भाजयुमो जिला ग्रामीण के महामंत्री तुषार चंद्राकर एवं अंकुर सिंह ठाकुर ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि, इस आयोजन के माध्यम से महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के समर्थन में आवाज बुलंद की जाएगी।

### मनमोहन बने लोरमी कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक उपाध्यक्ष

**लालपुर।** क्षेत्र के हरनाचाका निवासी मनमोहन सिंह क्षत्रिय पर विश्वास जताते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने उन्हें ब्लॉक उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति पर उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए संगठन के वरिष्ठ नेताओं और कांग्रेस परिवार का आभार जताया।



मनमोहन सिंह क्षत्रिय ने कहा, यह दायित्व उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि संगठन के प्रति जिम्मेदारी, कर्तव्य और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि, वे इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और कर्मठता के साथ निभाएंगे। उन्होंने जिले के सभी कांग्रेस नेताओं का आभार व्यक्त किया।

### जेईई मेंस परीक्षा में अनीश का चयन

**मुंगेली।** डॉ भीमराव अम्बेडकर उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालय एवं डॉ ब्रास मास्टर की एकेडमी मुंगेली के गणित संकाय के छात्र अनीश जोशी ने जेईई मेंस सेकेंड सेशन परीक्षा में 79.33 प्रतिशत अंक के साथ सफलता प्राप्त कर जेईई एडवांस परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया।



छात्र की सफलता पर विद्यालय परिवार व कोचिंग टीम के सदस्य एवं पदाधिकारी, प्राचार्य आशा दिवाकर, व्यवस्थापक एचआर भास्कर एवं संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने शुभकामनाएं दी।

### पानी टंकी निर्माण शुरू, ग्रामीणों ने जताया साव का आभार

**लोरमी।** पेंड्रीतलाब एन के ग्रामीणों एवं पूर्व सरपंच ने ग्राम मुख्य पाली मेन रोड से टिंगीपुर डमरीकरण, ग्राम कठमुडा से न्यू जल्दा डमरीकरण, पेंन्ड्रीतलाब अटल चौक से रमेश सतनामी के घर तक, कोटा-लोरमी मुख्य मार्ग और नल-जन योजना के तहत पानी टंकी की मांग की है। पाली से टिगींपुर कठमुणा से जल्दा और पानी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया था, किन्तु अटल चौक से रमेश के घर तक डमरीकरण निर्माण कार्य ठेकेदारों के द्वारा नहीं करने से अधर मे लटका रहा। पेन्ड्रीतलाब एन के पूर्व सरपंच जमुना प्रीतम दिवाकर ने क्षेत्र के विधायक व उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू के संज्ञान में लाने से वर्षों से अधूरे निर्माण कार्य प्रारंभ होने से ग्रामीणों ने हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों ने दोनों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## पानी व बिजली की समस्या से ग्रामीण हलाकान

# जलस्तर नीचे जाने से निस्तारी की समस्या से जूझ रहे लोग



**गर्मी बढ़ते ही वाटर लेबल भी डाउन हो गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या हो रही है। पूरा क्षेत्र इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है, और इसके कारण पूरी दिनचर्या प्रभावित हो गई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

काम करने का समय और काम के सिलसिले में बाहर निकलने के लिए समय में भी लोग धूप का ख्याल रख रहे हैं। इसी तरह बड़ी समस्या पानी की है, ग्रामीण सहित सभी जगह वाटर लेबल नीचे चला गया है। जहां 100 फीट के अंदर में पानी मिल जाता था इन दिनों 200 से 250 फीट नीचे चला गया है। क्षेत्र के गांव बघेलकापा में 130 फीट, कपसियाखुर्द 130, दर्रीकापा 120, पर्थरा 125, भकुर्रानवापारा 110, राजपुर 130 व खम्हरिया में जलस्तर 250 फीट से नीचे चला गया है। स्थिति वहां और भयावह है, जहां बोर की संख्या ज्यादा है। एक तरफ पानी की समस्या, दूसरी ओर बिजली की समस्या से ग्रामीण हलाकान हैं।

### एनीकट सूखा

तखतपुर के मनियारी नदी पर बने एनीकट में निस्तारी के लायक भी पानी नहीं बची है, जिसके कारण मवेशियों के साथ-साथ आम लोगों को भी भारी असुविधा हो रही है। इसका असर वाटर लेबल पर भी पड़ा है, नदी में पानी नहीं होने से जल का स्त्रोत नीचे चला गया है। एनीकट पर पानी रहने से वाटर लेबल बना रहता है। नगर सहित पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों ने पानी छोड़े जाने की मांग सिंचाई विभाग से की है।

## पानी, बिजली संकट को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**सीपत।** भीषण गर्मी के चलते ग्राम पंचायत दर्रांभाठा में बढ़ते पानी और बिजली संकट को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। सरपंच एनल धृतलहरे ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर तीन प्रमुख समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि, गांव में पिछले कई वर्षों से पेयजल की गंभीर समस्या बनी है, जो गर्मी आते ही और विकराल रूप ले लेती है। जलस्तर अत्यधिक नीचे चले जाने के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए दूर-दूर भटकना पड़ रहा है। ऐसे में ग्रामीणों ने एनटीपीसी सीपत के सीएसआर मद से गांव में 5 पानी टैंकरों के माध्यम से नियमित जल आपूर्ति और 5 लाख लीटर क्षमता की पानी टंकी निर्माण कराने की मांग की है। दूसरे मुद्दे के रूप में ग्रामीणों ने खूंटाघाट डेम से पानी छोड़े जाने की मांग उठाई है। ज्ञापन में कहा गया है कि, नदी-नाले सूख चुके हैं और बोरवेल का जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है, जिससे गांव में पेयजल संकट और गहरा गया है। ऐसे में डैम से पानी छोड़े जाने से ग्रामीणों को राहत मिल सकती है। वहीं तीसरे मामले में गांव में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती पर भी नाराजगी जताई गई है। ग्रामीणों ने बताया कि, बिना सूचना घंटों बिजली बंद रहने से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। साथ ही वार्ड क्रमांक 06 में लगे 63 वॉट ट्रांसफार्मर की जगह 100 वॉट ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई है, ताकि बिजली आपूर्ति सुचारू हो सके। सरपंच एनल धृतलहरे ने बताया कि, हमारे दर्राभांठा गांव में पानी और बिजली की समस्या अब असहनीय हो चुकी है। ग्रामीणों को रोजाना बुनियादी जरूरतों के लिए जूझना पड़ रहा है। हमने कलेक्टर से मुलाकात कर समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान करेगा, ताकि गांव में पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध हो सकें।

■ पानी टैंकर टंकी व नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग



## 22 किलो गांजे के साथ नाबालिग सहित 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

गांजा तस्करी करने वाले दो आरोपियों के कब्जे से 22.700 किलो गांजा, तस्करी में प्रयुक्त 1 स्कूटी एवं 2 मोबाइल जब्त किए गए। पुलिस ने तस्करों को गिरफ्तार कर गिरफ्तार कर भेजा गया। वहीं एक नाबालिग को न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर जिले में असामाजिक तत्वों एवं मादक पदार्थ की अवैध बिक्री व तस्करी करने वालों के विरूद्ध 'ऑपरेशन बाज' के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सायबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली की संयुक्त पुलिस टीम ने गांजा तस्करी के एक मामले में बड़ी कार्रवाई की। दरअसल 20 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि, तीन व्यक्ति स्कूटी टीवीएस ज्यूपीटर सीजी 10 बीपी 7617 में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बिलासपुर जरहागांव की ओर से गीधा बायपास मुंगेली की ओर आ रहे हैं। सूचना पर साइबर सेल एवं कोतवाली पुलिस की टीम ने गीधा बायपास तिराहा पर घेराबंदी कर उक्त स्कूटी को रोका गया, जिस पर नाबालिग सहित दो अन्य सवार थे। पूछताछ में चालक की पहचान शिवा पटेल व उसके साथी की पहचान आदित्य कर्माकर के रूप में हुई। पुलिस ने युवकों की तलाशी ली, जिसमें संदेही शिवा पटेल के कब्जे से थैले में कुल 9.570 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। साथ ही उसके कब्जे से एक ज्यूपीटर स्कूटी सीजी 10 बीपी 7617 व एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल जब्त किया गया। वहीं दूसरे संदेही आदित्य कर्माकर के कब्जे से बोरी में रखा 13.174 किलो गांजा सहित समसंग का मोबाइल बरामद किया गया। इस तरह आरोपियों के कब्जे से कुल 2 लाख 75 हजार का सामान बरामद किया गया। मनोवैज्ञानिक एवं तथ्यात्मक पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इस पर आरोपी शिवा पटेल पिता बहोरन पटेल उम्र 21 वर्ष, आदित्य कर्माकर पिता परमेश्वर कर्माकर उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी ग्राम सेमरचुवा थाना जरहागांव को गिरफ्तार कर यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। वहीं विधि से संघर्षरत बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि भरकर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

■ स्कूटी, मोबाइल सहित 2 लाख 75 हजार का सामान बरामद

## पेंड्रा में धूमधाम से मना भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**पेंड्रा।** जिले में सर्व ब्राह्मण परिषद पेंड्रा के तत्वावधान में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन किया गया, साथ ही जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग उपस्थित रहे। सर्व ब्राह्मण परिषद के सदस्यों ने बताया कि, भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के छठवें अवतार हैं, जिन्होंने धरती पर पापी एवं दुष्टों के संहार के लिए अवतार लिया था। उनका जन्म माता रेणुका एवं ऋषि जमदग्नि के घर हुआ था। धार्मिक मान्यता के अनुसार, परशुराम जयंती का विशेष महत्व होता है, और अक्षय तृतीया के दिन उनकी पूजा-अर्चना करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। परिषद ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 2 मई को महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, इनमें फैंसी ड्रेस, मेहंदी, चित्रकला, नृत्य एवं गायन प्रतियोगिताएं शामिल हैं। साथ ही प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं 3 मई को पूजन, शोभायात्रा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ लखनेश शर्मा, अंगेश्वर चतुर्वेदी, जालेश्वर प्रसाद मिश्रा, पवन त्रिपाठी, सुरेश उपाध्याय, राकेश चतुर्वेदी, ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी, शिव शंकर तिवारी, महेश मिश्रा, उज्जवल तिवारी, सूर्यमणि मिश्रा, अवनीश पाण्डेय, चंदन मिश्रा, वीरेंद्र मिश्रा, प्रशांत शर्मा, अक्षय तिवारी, संस्कार तिवारी, समीक्षा तिवारी सहित विप्र समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

■ 2 व 3 मई को विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन



## जल्द ही भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा: धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने सेन समाज की मांग पर ग्राम दगोरी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की। इस उपलक्ष्य में समाज अध्यक्ष हीरालाल सेन, दुर्गेश श्रीवास, मुरली सेन, रामरतन सेन, पंचराम सेन, मंढीलाल सेन, सोनू सेन, भागवत श्रीवास ने उनके गृह निवास परसदा पहुंचे और पुष्पमाला पहनाकर कौशिक का आभार व्यक्त किया गया।

इस मौके पर श्री कौशिक ने कहा कि, जल्द ही भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। सेन समाज सदैव अपनी सेवा भावना और कौशल के लिए जाना जाता है, समाज की असली ताकत उनका संवाद और संप्रेषण है।

उन्होंने कहा, भवन जब तैयार होगा तब सामाजिक बैठकों, मांगलिक कार्यक्रमों और अन्य चर्चाओं के लिए एक सर्वसुविधायुक्त मंच प्राप्त होगा। उन्होंने सामाजिक एकता को समझने वाले विकास का आधार बताया और कहा कि, समाज के प्रत्येक युवाओं और मातृशक्तियों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि वे भी समाज की रीति-नीति को करीब से समझ सकें और आने वाली पीढ़ी के लिए अपना योगदान दे सकें।

■ सेन समाज के भवन के लिए 10 लाख स्वीकृत, जताया आभार



## कायस्थ समाज की बैठक में अहम मुद्दों पर चर्चा



**बिल्हा।** कायस्थ समाज की नई कार्यकारिणी की पहली बैठक चित्रगुप्त मंगल भवन इमली पारा में आयोजित की गई। बैठक में कार्य विभाजन, आगामी कार्य की रूपरेखा ,सामाजिक कार्यों को गतिशीलता देने के संबंध में चर्चा की गई।

बिलासपुर कायस्थ समाज के अध्यक्ष आलोक वर्मा ने नई कार्यकारिणी एवं पदाधिकारीयों की घोषणा की आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए कहा कि, ज्ञान बुद्धि एवं कर्मों के फल देने वाले देवता भगवान चित्रगुप्त की प्रकट उत्सव पूजा 23 अप्रैल 2026 को पूरे राष्ट्र में कायस्थ समाज के द्वारा मनाई जानी है। बिलासपुर कायस्थ समाज ने भी प्रतिवर्ष इस उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाते आया है, और इस बार भी विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना चित्रगुप्त मंगल भवन इमलीपारा में की जानी है। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि, भगवान चित्रगुप्त की पूजा में अधिक से अधिक लोग सम्मिलित होवें। विभा वर्मा ने सुझाव दिया कि, रिजल्ट आने के पश्चात 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को समाज के द्वारा सम्मानित किया जाए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन श्रीवास्तव ने समाज के निर्धन कन्याओं का आदर्श विवाह दहेज विहीन समाज के भवन से करने का सुझाव दिया। विनोद वर्मा सहसचिव एवं मीडिया प्रभारी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि, प्रत्येक त्योहार को उत्सव के रूप में रैली एवं शोभायात्रा निकाल कर मनाए जाने से समाज संगठित एवं मजबूत होगा। इस सर्वेश श्रीवास्तव ने प्रस्ताव रखा कि, समाज में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए बृहद योजना बनाई जाए सचिव गोवर्धन श्रीवास्तव ने पियाऊ घर पर निर्णय लेते हुए बतलाया कि समाज के द्वारा दो पियाऊ घर वर्तमान में संचालित किए जाने हैं, जिसमें चित्रगुप्त मंगल भवन में दो वाटर कूलर लगाकर लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराया जाएगा एवं मध्य नगरी चौक में प्याऊ घर बनाकर लोगों के लिए ठंडा पानी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रस्ताव एवं सुझाव को स्वीकार करने के बाद अध्यक्ष श्री वर्मा ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि, किसी भी प्रकार की समस्या को व्हाट्सएप के माध्यम से न कह कर लिखित शिकायत दर्ज कराएं। आभार प्रदर्शन प्रदीप श्रीवास्तव ने किया एवं अध्यक्ष की अनुमति से सभा का समापन किया गया।

## मोह ही बंधन का कारण: प्रज्ञा व पंकजा

**मल्हार।** ग्राम भरारी में चल रहे संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचिका प्रज्ञा व पंकजा दीदी ने जड़भरत कथा और प्रह्लाद चरित्र की बहुत ही रोचक कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि, श्रीमद भागवत महापुराण में जड़भरत कथा और प्रह्लाद चरित्र भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के सर्वोच्च उदाहरण हैं। जड़भरत कथा मोह से मुक्ति और देहात्मबुद्धि के त्याग की शिक्षा देती है, जबकि प्रह्लाद चरित्र विषम परिस्थितियों में भी अटूट विष्णु भक्ति का प्रतीक है। राजा भरत ने राज्य त्याग कर तपस्या की लेकिन एक हिरण के बच्चे से अत्यधिक मोह के कारण अगले जन्म में हिरण बने, और पिछले जन्म की स्मृति के कारण वे अगले जन्म में ब्राह्मण कुल में जन्मे और 'जड़' की तरह रहे ताकि फिर से मोह न हो। इसलिए उन्होंने देह और आत्मा के भेद को समझा और अपनी बात को सीधे न कहकर पहेली की तरह कहा। अंत में, उन्होंने ज्ञान के माध्यम से मोक्ष प्राप्त किया। यह कथा सिखाती है कि, मोह ही बंधन का कारण है। व्यासपीठ से कथावाचिका ने प्रह्लाद चरित्र की व्याख्या करते हुए बताया कि, असुरराज हिरण्यकशिपु का पुत्र प्रह्लाद गर्भ में नारद जी के उपदेश से ही भगवान विष्णु का परम भक्त था। परन्तु हिरण्यकशिपु ने प्रह्लाद को विष्णु भक्ति से रोकने के लिए मारने के अनेक प्रयास किए विष देना, हाथी से कुचलवाना, होलिका द्वारा अग्नि में बैठाना आदि करने के बाद भी प्रह्लाद अटूट श्रद्धा से केवल 'नारायण' को पुकारते रहे। अंततः भगवान नरसिंह के रूप में खंभे से प्रकट हुए और हिरण्यकशिपु का वध कर भक्त की रक्षा की। यह चरित्र सिखाता है कि ईश्वर सर्वव्यापी हैं और प्रेम व श्रद्धा से ही प्रकट होते हैं। पहली बार गांव में आयोजित हो रहे सार्वजनिक भागवत ज्ञान यज्ञ में बड़ी संख्या में लोग पहुच रहे हैं।



## 20 दिन से खुले गड्ढों का समतलीकरण नहीं, लोग हलाकान

# अमृत मिशन 2.0 का कार्य नगरवासियों के लिए बना परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

धार्मिक नगरी रतनपुर में नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित अमृत मिशन 2.0 योजना इन दिनों लोगों के लिए राहत की बजाय परेशानी का कारण बनती जा रही है। करीब 78 करोड़ रुपए की लागत से खूंटाघाट बांध से शहर में नल-जल आपूर्ति के उद्देश्य से चल रहे इस कार्य में भारी लापरवाही सामने आ रही है।

वार्ड क्रमांक 4 सहित कई मोहल्लों में पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे 15 से 20 दिनों बाद भी नहीं भरे गए हैं। रतनपुर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में बीते 20 दिनों से सड़क खोदकर छोड़ दिए जाने के कारण स्थानीय निवासियों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि, ठेकेदार ने मनमानी तरीके से खुदाई कर गड्ढों को खुला छोड़ दिया है, जिससे स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है।






### गुणवत्ता पर उठे सवाल, प्रशासन मौन

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि, कार्य में गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है। करोड़ों की इस योजना में यदि घटिया सामग्री का उपयोग हुआ तो भविष्य में जल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। लगातार शिकायतों के बावजूद नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी है। नगरवासियों और सामाजिक संगठनों ने पूरे कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि, यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

### सड़कें जर्जर, हादसों का खतरा बढ़ा

नगर के मुख्य मार्गों से लेकर गलियों तक बेतरतीब खुदाई से सड़कें बदहाल हो चुकी हैं। बड़ी बाजार, महामाई पारा समेत कई क्षेत्रों में खुदाई के बाद समतलीकरण नहीं किया गया है। धूल और कीचड़ से भरी सड़कों पर दोपहिया वाहन चालक फिसल रहे हैं, वहीं स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष परेशानी झेलनी पड़ रही है। शाम के समय अंधेरे में खुले गड्ढे दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। कई स्थानों पर मुख्य सड़क किनारे पाइपलाइन डालने के लिए सड़क से सटकर गहरी खुदाई की गई है, जहां पास में ही बिजली के खंभे लगे हुए हैं। नागरिकों का कहना है कि इस लापरवाही के चलते खंभों की नींव कमजोर हो सकती है और बारिश के दिनों में उनके गिरने का खतरा भी बना हुआ है।

## अवैध उत्खनन पर कार्रवाई पोकलेन व 3 हाइवा जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने मुंगेली विख के ग्राम अमरटापू क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। टीम ने शासकीय भूमि से अवैध रूप से उत्खनन करते पाए जाने पर एक पोकलेन मशीन एवं तीन हाइवा वाहनों को मौके पर ही जब्त किया।

जिला खनिज अधिकारी योगेश साहू ने बताया कि, सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थल पर पहुंचकर जांच की, जहां बिना अनुमति खनन कार्य किया जा रहा था। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित मशीनरी एवं वाहनों को जब्त कर लिया गया तथा संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत विधिवत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि, अवैध उत्खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधितों पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### श्री स्पेशल केयर सेंटर में विशेष बच्चों के लिए समर कैंप का समापन



**बिलासपुर।** तिलक नगर श्री राम मंदिर के सामने स्थित श्री स्पेशल केयर सेंटर में विशेष बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए 6 अप्रैल से 18 अप्रैल तक समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग, योग एवं डांस जैसी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ कराई गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। योग सत्र का संचालन मनीषा सिन्हा ने किया। डांस सत्र अमृता द्वारा तथा क्राफ्ट गतिविधियाँ रुपाली काले द्वारा संपन्न कराई गई। इन गतिविधियों से बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामाजिक कौशल का विकास हुआ। संस्था की संस्थापिका डॉ. सुजाता बाजपेई ने कहा कि इस प्रकार के कैंप बच्चों को सीखने के साथ-साथ आनंद और नई प्रेरणा प्रदान करता है। प्राचार्य शिवानी ठिठालकर ने कहा कि ऐसे आयोजन विशेष बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कैंप के समापन अवसर पर बच्चों को उनकी सक्रिय भागीदारी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साह और बढ़ा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था में कार्यरत फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर विजयश्री सैम्युल स्पीच थैरेपिस्ट चंचल शर्मा, स्पेशल एज्युकेटर उमेश नवरंगसर, पदमा, आरती साहू, नीमा, ज्योति एवं वर्षा का विशेष सहयोग रहा।

### स्काउट-गाइड्स के बच्चों ने शुरू किया प्याऊ घर




**बिलासपुर।** रियल ग्रोथ पब्लिक उस्लापुर के स्काउट-गाइड के बच्चों द्वारा उस्लापुर ओवर ब्रिज के नीचे प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इसके माध्यम से राहगीरों, श्रमिकों और आमजन को निःशुल्क शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद राजेंद्र किरण टंडन ने किया। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त चन्द्रप्रकाश बाजपेयी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) महेन्द्र बाबू टंडन, चेयरमैन डी.के.जायसवाल, एकेडमिक डायरेक्टर दिलजीत कौर छाबड़ा, डायरेक्टर तनिष्का जायसवाल, उप प्राचार्या सुश्री ऊषा मिश्रा तथा शाला की गाइडर पुष्पा शर्मा आदि मौजूद थीं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार की व्यवस्था आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी और विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करेगी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि प्याऊ घर के माध्यम से प्रतिदिन राहगीरों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राएं नियमित रूप से यहां सेवा कार्य करते हुए लोगों को जल पिलाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों ने इस जनसेवा कार्य को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

### हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने डा. शेख को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** डॉ. शेख आदिल डल्ला ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से वाणिज्य विषय में पीएचडी की उपाधि अर्जित की है। उनके शोध का विषय ए कम्प्रेटिव स्टडी आन



कन्जूमर्स कैशलेस पेमेंट अडपटेशन इन रुरल एण्ड अरबन एरिया और स्टेट बैंक आफ इंडिया ब्रांचेस पर आधारित है। उन्होंने यह शोध कार्य कल्याण पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, भिलाई नगर से पूर्ण किया, जिसमें डॉ. अंजू कुमारी एवं डॉ. रविश कुमार सोनी का मार्गदर्शन रहा। डॉ. डल्ला एम.फिल, एमबीए एवं एम.कॉम उपाधि धारक हैं। वर्तमान में वे एलसीआईटी कॉलेज, बिलासपुर में डीन एवं विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पिता शेख खलील डल्ला, माता अख्तरी बेगम, भाई आमिल डल्ला, बहन कायनात तब्बसुम एवं सना तब्बसुम, पत्नी अनीशा खान ने हर्ष व्यक्त किया है।

### रिवरव्यू में नगर सेना का 'फायर शो' आमजनों ने सीखा आग पर काबू पाना



**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के विशेष दिशा-निर्देशों के पालन में नगर सेना द्वारा जिले में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसकी मुख्य कड़ी के रूप में रिवरव्यू तट पर एक वृहद 'फायर शो' और मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। रिवरव्यू में आयोजित कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी गई। सिलेंडर की आग पर नियंत्रण पाना, घर की रसोई में गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में अक्सर लोग घबरा जाते हैं। नगर सेना की टीम ने दिखाया कि कैसे सूझ-बूझ और सही तकनीक (जैसे गीले बोरे का उपयोग) से सिलेंडर की आग को मिनटों में बुझाया जा सकता है। नागरिकों ने स्वयं आगे बढ़कर मॉक ड्रिल में हिस्सा लिया। अपने हाथों से सिलेंडर की आग को बुझाकर न केवल तकनीक सीखी। जिला सेनानी दीपांकुर नाथ, सीएसपी कोतवाली आईपीएस गगन कुमार सहित अधिकारियों ने कहा कि आगजनी जैसी आपात स्थिति में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने अपील की कि आग लगने की सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दें इस अवसर पर दीपांकुर नाथ, जिला सेनानी (नगर सेना),मधुलिका सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण),पंकज पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर), गगन कुमार, सीएसपी (कोतवाली) ,राम गोपाल करियारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक), निमितेश सिंह सीएसपी सिविल लाइन, डीएसपी लाइन मंजुला केरकेट्टा , वेद नारायण सेन इंस्पेक्टर नगरसेना के जवान आदि मौजूद थे। इस दौरान घर की महिलाओं ने आगे आकर आग से बचाव का तरीका सीखा, जिसका सभी लोगों ने स्वागत किया।

**मुख्य सचिव से लेकर बाबू तक एप में शामिल** | **प्रशिक्षण के बाद परीक्षा देकर लेना होगा सर्टिफिकेट, तभी मिलेगा वेतन**

# मई में सैलरी चाहिए तो देना होगा 'अपग्रेडेशन सर्टिफिकेट'

**बिलासपुर।** सरकारी कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों का मई महीने में मिलने वाला अप्रैल का वेतन लटक सकता है। वेतन पाने के लिए इस महीने उन्हें एक खास तरह की परीक्षा पास करनी होगी। मजेदार बात यह है कि मुख्य सचिव को छोड़कर प्रदेश के सारे अधिकारी व कर्मचारियों को यह परीक्षा पास करनी होगी। बिलासपुर जिले की बात की जाए तो यहां 43 विभागों के 16 सौ अधिकारी-कर्मचारियों में अब तक फिलहाल 150 लोगों ने ही यह परीक्षा पास की है।

शासकीय विभागों में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा फार्म-16 भरकर विभाग में प्रस्तुत नहीं करने के कारण फरवरी का वेतन मार्च में नहीं मिलने की बात तो अक्सर सुनाई देती है, लेकिन यह पहला अवसर है जब किसी खास परीक्षा के पास नहीं करने की स्थिति में अधिकारी-कर्मचारियों को अप्रैल का मई महीने में मिलने वाला वेतन रोका जा सकता है। केंद्र सरकार द्वारा विभागीय कामकाज से संबंधित विषयों की संपूर्ण जानकारी के आधार पर आदि-कर्मयोगी नामक एक पोर्टल तैयार किया गया है, जिसमें प्रदेश के मुख्य सचिव से लेकर सभी विभागों के बाबू तक को जोड़ा गया है।

■ जिले के 43 विभागों में 16 सौ शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, अब तक केवल 150 पास

खास बात यह होगी कि केवल मुख्य सचिव को छोड़कर सभी अधिकारी व कर्मचारियों को न केवल विषयवस्तु का प्रशिक्षण लेना होगा, बल्कि पास होकर सर्टिफिकेट भी प्राप्त करना होगा।

एप में अधिकारी व कर्मचारियों के पद के अनुरूप कहीं तीन तो कहीं चार विषय डाले गए हैं। इन विषयों को पढ़कर 30 अप्रैल तक हर हाल में परीक्षा देकर पास होना पड़ेगा, नहीं तो विभाग प्रमुख वेतन रोकने की कार्रवाई करने के लिए बाध्य रहेंगे। सूत्रों के अनुसार सारे विषय काफी सरल हैं, जिसे पढ़कर आसानी से प्रश्न हल किए जा सकते हैं। फेल होने वालों को आगे कई अवसर भी प्रदान करने का विकल्प एप में मौजूद होगा।

#### पास हुए तो सैलरी पक्की, फेल हुए तो री-अप्लाई

एप के जरिए दी जाने वाली परीक्षा के बाद एप से ही सर्टिफिकेट डाउनलोड कर अपने विभाग प्रमुख को इसकी जानकारी दी जा सकेगी। इसी तरह किसी कारणवश परीक्षा में फेल हो जाने की स्थिति में अधिकारी या कर्मचारी को री-अप्लाई का ऑप्शन दिया जाएगा। अधिकारी-कर्मचारी पुनः परीक्षा देने के लिए फिर से अप्लाई कर परीक्षा देकर सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकेंगे।

#### संविदा कर्मचारी-अधिकारी परीक्षा से बाहर

इस परीक्षा से संविदा आधार पर नौकरी कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों को बाहर रखा गया है। सरकार ने एप में वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण लेने व ऑनलाइन आधार पर परीक्षा देकर पास होने की बाध्यता केवल नियमित अधिकारियों व कर्मचारियों के सामने ही रखी है।

#### क्या है आदि-कर्मयोगी एप?

केंद्र सरकार द्वारा लांच किया गया आदि-कर्मयोगी एप एक तरह से प्रशिक्षण संस्थान के रूप में काम करेगा। इस एप में सरकार के सभी विभागों में होने वाले कामकाज के आधार पर प्रशिक्षण की विषयवस्तु डाली जाएगी, जिससे संबंधित वीडियो क्लिप को देखकर अधिकारी-कर्मचारी न केवल अपने आपको अपडेट कर सकेंगे, बल्कि परीक्षा पास करके सर्टिफिकेट प्राप्त कर सरकार को इस बात का प्रमाण भी प्रस्तुत करेंगे कि हम अपडेट हो चुके हैं।

#### कोर्स अनिवार्य रूप से करना है

शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों में उनकी नॉलेज अपग्रेडेशन के उद्देश्य से सरकार द्वारा यह व्यवस्था की गई है। आदि-कर्मयोगी नामक एप के जरिए उन्हें अपने विभाग के कामकाज से संबंधित कोर्स को अनिवार्य रूप से करना ही है।

-संजय अग्रवाल, कलेक्टर

#### पास होने पर सर्टिफिकेट मिलेगा

सारे शासकीय अधिकारी व कर्मचारियों को उनके विभागीय कामकाज से संबंधित विषयों का ऑनलाइन प्रशिक्षण लेकर उसी एप में परीक्षा भी देनी होगी। पास होने पर सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया जाएगा। सर्टिफिकेट प्राप्त होने की स्थिति में ही अप्रैल की सैलरी संबंधितों को मिल सकेगी। जिले में अधिकारी-कर्मचारियों की संख्या लगभग 16 सौ है, जिनमें फिलहाल 150 लोगों ने परीक्षा देकर सर्टिफिकेट प्राप्त कर लिया है।

-संजय चंदेल, नोडल अधिकारी एवं एसी ट्रायबल

**बिजली आने का इंतजार करते रहे लोग, बिजली ऑफिस का लगाते रहे चक्कर**

# रात 10 बजे 11 केवी का जम्पर कटा, सुबह 11.30 सप्लाई शुरू, घरों में छाया अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भरी गर्मी में बिजली बंद होने पर उपभोक्ताओं का गुस्सा उबाल मारने लगा है। पश्चिमी डिवीजन के अंतर्गत कुदूदंड में बीती रात 10 बजे जम्पर कट गया, जिसके चलते रात भर बिजली बंद रही। बताया जा रहा है कि फ्यूज काल की टीम सुबह मौके पर पहुंची लेकिन बड़ी लाइन होने के कारण सुधार कार्य भी नहीं किया गया। दूसरे दिन 11.30 बजे बिजली बहाल हो सकी।

जैसे ही गर्मी का पारा बढ़ रहा है वैसे ही बिजली व्यवस्था जवाब दे रही है। यही कारण है कि शहर के हर इलाकों में बिजली के लो वोल्टेज, जम्पर कटने, ट्रांसफार्मर खराब होने जैसी घटनाए हो रही है। सोमवार की रात 10 बजे कुदूदंड, सरकारी कुंआ, मिट्टी तेल गली जैसे इलाकों में बिजली बंद रही, लेकिन इसे सुधारने के लिए कोई भी कर्मचारी रात में नहीं पहुंचा। दरअसल जिस समय उपभोक्ताओं ने फोन किया उस समय नेहरू नगर फ्यूज कॉल बंद रहा, इस दौरान जेई को भी उपभोक्ताओं ने नंबर घुमाया लेकिन अधिकारी ने फोन उठाना जरूरी नहीं समझा, सुबह 9 बजे शिकायत मिलने के बाद फ्यूज कॉल की टीम पहुंची लेकिन 11 केवी के जम्पर ठीक करने के बजाए सीधे लौट गई और करीब 11.30 बजे बिजली सप्लाई बहाल हो सकी। बताया जा रहा है कि इस दौरान एक फेस भी पूरी तरह से बंद था, जिससे 50 से अधिक घरों में बिजली बंद रही। नेहरू नगर जोन के अंतर्गत अलका एवेन्यू में भी दोपहर 2 बजे से सप्लाई ठप रही और ट्रांसफार्मर बनाने में बिजली कर्मचारियों को काफी समय लग गया, शाम 7.15 को बिजली सप्लाई हो सकी, इस दौरान गर्मी के मारे उपभोक्ताओं का हाल बेहाल रहा। शाम 7 बजे तिफरा स्थित विकास नगर में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली ठप रही, शाम होते ही अंधेरा होने से उपभोक्ताओं को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। मध्यनगरी और मसानगंज में भी बिजली बंद रही और लोग परेशान रहे, यह लगातार सात दिन रहा।



मंगलवार की रात तिफरा बिजली ऑफिस शिकायत करने पहुंचे लोग।

**एजुकेशन प्लस**

## आचार्या इंस्टीट्यूट ने जेईई मेन में रचा सफलता का इतिहास



**बिलासपुर।** कोचिंग संस्थान आचार्या इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर जेईई मेन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

इस वर्ष संस्थान के 5 विद्यार्थियों ने 99% से अधिक व 4 छात्रों ने 98%से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया, वहीं 16 विद्यार्थियों ने 95 % से अधिक स्कोर करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। संस्थान की होनहार छात्रा आद्या गुप्ता ने 99.76% के साथ ऑल इंडिया रैंक 3813 एवं कैटेगरी रैंक 774 हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। प्रशन अग्रवाल 99.60%, नतिक चांदवानी 99.21%, हर्षित कुमार सिंह 99.21% तथा उत्कर्ष अवस्थी 99.20% ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का गौरव बढ़ाया।

संस्थान के कुल 35 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालिफाई किया। संस्थान प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### भाजपा परिसीमन बिल कराना चाहती थी पासः कांग्रेस

**बिलासपुर।** कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन बिल पास कराना चाह रही थी। कांग्रेस महिला आरक्षण के समर्थन में थी और है। भाजपा द्वारा महिला आरक्षण को लेकर लगातार भ्रम फैलाया जा रहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं किया, इसलिए संसद में बिल पास नहीं हो सका। महिला आरक्षण बिल के विषय को लेकर सोमवार को कांग्रेस भवन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा व ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री ने पत्रकारों से चर्चा की। अध्यक्ष द्वय ने बताया कि भाजपा ने 16 अप्रैल को जो विधेयक संसद में प्रस्तुत किया 131 वां संविधान संशोधन अधिनियम इसमें महिला आरक्षण के संदर्भ में नहीं भाजपा महिला आरक्षण को मुखौटा बनाकर परिसीमन संशोधन बिल तथा केन्द्र शासित प्रदेश कानून संशोधन बिल को पास करवाना चाहती थी। उनका कहना है कि सीटों के परिसीमन के लिए भाजपा का षडयंत्र विफल हो गया अतः महिला आरक्षण के नाम पर पूरे देश में भ्रम फैला रही है।

## डाक विभाग का रोड ट्रांसपोर्ट नेटवर्क शुरू

**बिलासपुर।** भारतीय डाक विभाग बिलासपुर ने रोड ट्रांसपोर्ट नेटवर्क सेवा के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। 18 अप्रैल से जिले के चार नए क्षेत्रों में आरटीएन सेवा का शुभारंभ किया गया, जिससे डाक संचार और अधिक सुदृढ़ एवं तेज हो सकेगा। बिलासपुर आरएमएस (रेल डाक सेवा) से लोरमी, जैजैपुर, मरवाही और भैसमा उप डाकघर तक आरटीएन सेवा प्रारंभ की गई है। इससे इन क्षेत्रों में डाक के त्वरित आदान-प्रदान, ट्रैकिंग और डिलीवरी में तेजी आएगी और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।




बिलासपुर आरएमएस से लोरमी उप डाकघर तक के लिए रोड ट्रांसपोर्ट नेटवर्क में बिलासपुर आरएस, चकरभाठा, बिल्हा, पथरिया, तखतपुर और मुंगेली जोड़ा गया है। वहीं, जैजैपुर उप डाकघर के लिए मस्तूरी, जयरामनगर, गोपालनगर, नरियरा, पामगढ़, खरोद, शिवरीनारायण, बिर्रा, बम्हनी बाजार, जैजैपुर शामिल हैं। मरवाही उप डाकघर के लिए सकरी, गनियारी, करगी रोड, बेलगहना, पेंड्रा रोड, पेंड्रा और मरवाही को शामिल किया गया है। भैसमा उप डाकघर के लिए कोनी, रतनपुर, पाली, कटघोरा, पोड़ी उपरोड़ा, जमनीपाली, बालको नगर, कोरबा एचओ और भेसमा को रोड ट्रांसपोर्ट नेटवर्क में जोड़ा गया है। इसी प्रकार चंद्रपुर एवं डब्ल्यूसीएल गेवरा मार्ग के लिए भी आरटीएन सेवा शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। डाक विभाग ने इस विस्तार से क्षेत्रीय स्तर पर डाक सेवाओं की निगरानी, पार्सल और स्पीड पोस्ट की डिलीवरी, स्थानीय व्यापार और ई-कॉमर्स को बढ़ावा मिलेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी डाक सेवाओं का अधिकतम लाभ मिलेगा। विभाग ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे इस सेवा का अधिकतम लाभ उठाएं और डाक विभाग को बेहतर, सुरक्षित एवं सशक्त बनाने में सहयोग करें।

## त्रिमूर्ति के तारूण का जेईई में चयन

**सरगांव।** त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 वीं के छात्र तारूण डेंबरा सुपुत्र भरत लाल डेंबरा माता ममता डेंबरा ने अखिल भारतीय जेईई की परीक्षा में 99.74 % अंक अर्जित कर 4258 वीं रैंक प्राप्त की। बचपन से मेधावी रहे तारुण अध्ययन के साथ सृजनात्मक गतिविधियों में भी सदैव क्रियाशील रहे।



एक कुशल अभियंता बन देश के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना ने आज उसे उस मुकाम की पहली सीढ़ी के पहले पायदान पर पहुंचा दिया। विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन और समृद्ध प्रयोगशाला ने उनकी जिज्ञासा को नई उड़ान दी। त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक राजेश त्रिवेदी ने तारूण की मैने हमेशा बच्चो के सपनों को नए पंख और नई उड़ान देने की कोशिश की। शाला के प्राचार्य सुशांत स्वपन देवनाथ ने तारुन को शुभकामनाएं दी।

## नाइसटेक ने किया प्लेसमेंट ड्राइव

**बिलासपुर।** नाइस टेक कम्प्यूटर एजुकेशन ईदगाह चौक में प्लेसमेंट ड्राइव - 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

NICETEC COMPUTER EDUCATION Since 1992

इस प्लेसमेंट ड्राइव की विशेषता यह रही कि इसमें देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियों एवं स्किल पार्टनर्स ने सहभागिता की, जिनमें एमआरएफ लिमिटेड याजकी, टीवीएस मोटर कंपनी, टाटा इलेक्ट्रोनिक्स, कौशल सोलर, फोर्स मोटर्स तथा लर्न स्कील्स लिमिटेड सहित अन्य संस्थान शामिल रहे। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्रदान करना एवं उन्हें उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना था। विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा इंटरव्यू लिए गए, जिसमें प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। कई विद्यार्थियों को ऑन-द-स्पॉट चयन एवं जॉब अवसर प्राप्त हुए, जिससे उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा और मजबूत हुई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में स्किल आधारित शिक्षा, तकनीकी दक्षता एवं प्रैक्टिकल नॉलेज ही सफलता का आधार है। पूरे आयोजन में सकारात्मक ऊर्जा, उत्साह एवं सीखने का वातावरण बना रहा, जिसने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया, जिसमें सभी कंपनियों, अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

## सिम्स के 78 पीजी स्टूडेंट को मिली लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में चिकित्सा शिक्षा और उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट और एडवासं कार्डियोवासकुलर लाइफ सपोर्ट के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 78 पीजी प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर जीवन रक्षक कौशल में दक्षता हासिल की।

■ 3 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का भविष्य में मिलेगा फायदा

प्रशिक्षण में शैक्षणिक गतिविधि के तहत प्रैक्टिकल ओरिएंटेड आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार किया गया। सिम्स अब केवल उपचार का केंद्र ही नहीं, बल्कि कुशल और संवेदनशील चिकित्सक प्रणाली विकसित करने में अग्रणी साबित हो रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सीपीआर, एईडी यानी आटोमेटेड एक्सट्रनल डेफीब्रिलर के उपयोग, कार्डियक अरेस्ट, स्ट्रोक, एवं अन्य जटिल हृदय संबंधी आपात स्थितियों से निपटने की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया।स्टूडेंटस को टीमवर्क, संचार कौशल और क्लिनिकल निर्णय क्षमता के गंभीर परिस्थितियों को नियंत्रित करने के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. श्वेता कुजूर, डॉ. मिल्टन दे बर्मा,डॉ. किसलय देवांगन, डॉ. घनश्याम, डॉ. अभिषेक कलवानी, डॉ. पूनम, डॉ. अंकित ने प्रशिक्षण को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए स्टूडेंट आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। सैद्धांतिक, व्यावहारिक तौर पर जीवन रक्षक तकनीकों की बारिकी से जानकारी प्राप्त कर स्टूडेंट भाविष्य दिनों के लिए प्रशिक्षित हो चुके हैं।

#### कार्यशैली में व्यापक सुधार

प्रशिक्षण से न केवल चिकित्सकों की कार्यक्षमता बढ़ती है,इससे कार्यशैली में व्यापक सुधार होता है। मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिलने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाती है।

-डॉ रमणेश मूर्ति, डीन, सिम्स

#### जीवन रक्षक बनते हैं स्टूडेंटस

आपातकालीन चिकित्सा में प्रशिक्षित पीजी स्टूडेंटस मरीजों के लिए जीवन रक्षक साबित होते है। यह उनकी बड़ी ताकत होती है। सिम्स इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

-डॉ लखन सिंह, अधीक्षक, सिम्स

### शिकायत लेकर विवि पहुंची छात्राएं

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में खराब रिजल्ट को लेकर आए दिन घेराव, विरोध प्रदर्शन होते रहता है। सोमवार को भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद मुंगेली जिले के गवर्नमेंट गर्ल्स कालेज करही की छात्राएं परीक्षा परिणाम संबंधी शिकायत लेकर यूनिवर्सिटी पहुंची थी। छात्राओं ने परीक्षा नियंत्रक से मिलकर उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः रिव्यू कराने की मांग की है। मुंगेली जिले के करही गवर्नमेंट गर्ल्स कालेज की छात्राएं आज खराब परीक्षा परिणाम की शिकायत लेकर यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग पहुंची थी। बीए की छात्राओं ने परीक्षा नियंत्रक से मिलकर परीक्षा परिणाम की त्रुटियों से अवगत कराया। छात्राओं का कहना था कि एक ही विषय इंग्लिश में बहुत सी छात्राओं को कम-कम अंक मिले हैं। छात्राओं ने उत्तरपुस्तिकाओं का पुनः रिव्यू कराने की मांग रखी।

## डीपीएस में अंग्रेजी स्लोगन लेखन स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिल्ली पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें भाग लेने वाले बच्चों ने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

विद्यालय में विभिन्न सदनों के बीच अंग्रेजी स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा तीसरी के ग्रुप 'सी' के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का विषय "सेव आवर प्लैनेट अर्थ" रखा गया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, पृथ्वी की सुरक्षा तथा हरियाली बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक और प्रेरणादायक स्लोगन लिखे। संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ ने कहा इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनकी लेखन क्षमता को भी विकसित करती है। प्रशासनिक अधिकारी आर.सी. मोहंती ने समस्त प्रतिभागियों के कौशल एवं प्रतिभा की सराहना की।




प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. रश्मि द्विवेदी एवं रिंकी भोंसले द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका मनीषा फ्रांसिस रहीं।

## अक्षय तृतीया पर प्रदेश में व्यापार में नई ऊर्जा का संचारः कैट

**बिलासपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा ने बताया कि अक्षय तृतीया पर पूरे देश में व्यापारिक गतिविधियों में उत्साहपूर्ण बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि प्रदेश के वार्षिक व्यापार एवं उद्योग चक्र की सकारात्मक शुरुआत का भी संकेत देता है। कैट बिलासपुर के जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, संगठन महामंत्री परमजीत उबेजा ने बताया कि इस वर्ष अक्षय तृतीया पर प्रदेश भर के सराफा, रिटेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल एवं अन्य उपभोक्ता क्षेत्रों में अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया का यह पर्व छत्तीसगढ़ के व्यापार एवं उद्योग जगत के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, आशीष अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप खंडेलवाल, संजय मित्तल, सुरेंद्र सिंह अजमानी, संगठन महामंत्री परमजीत उबेजा ने भी लोगों को इस पर्व की शुभकामनाएं दी है।

## जिपं की सामान्य सभा आज

**मुंगेली।** जिला पंचायत की सामान्य सभा 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में पिछले सामान्य सभा की बैठक में लिए गए निर्णय एवं उसमें किए गए कार्यवाही को एजेंडावार पालन प्रतिवेदन, 15वें वित्त सहित प्रधानमंत्री आवास विषय तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## निधन

### नितिन लाल



**बिलासपुर।** राधिका विहार फेस 3, लिंगियाडीह निवासी नितिन लाल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 22 अप्रैल को शाम 4.30 बजे तोरवा मसीही कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी चारुलता, पुत्र निखिल तथा पुत्री श्वेता सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### प्रशांत (गुड्डू) कोन्हेर



**बिलासपुर।** मेन रोड तिलक नगर निवासी प्रशांत (गुड्डू) कोन्हेर का 21 अप्रैल को निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया।

### शंकर श्रीवास



**बिलासपुर।** तालापारा (कुम्हार पारा) निवासी शंकर श्रीवास का 21 अप्रैल को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शिव श्रीवास के पुत्र, संतोष, मंगल,दीपक (दीप्पी ) श्रीवास के भाई और प्रथम श्रीवास के पिता थे.

### शिवप्रसाद वर्मा



**मल्हार।** वार्ड क्र 15 मुरकेटा पारा निवासी शिव प्रसाद वर्मा का 36 वर्ष का आयु में आकस्मिक निधन हो गया। इसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे मंगलू वर्मा के ज्येष्ठ पुत्र एवं आजू वर्मा के बड़े भाई थे।

### अजय मिश्रा



**सकरी।** ग्राम हांफा के प्रतिष्ठित नागरिक अजय मिश्रा का 21 अप्रैल मंगलवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सचिन मिश्रा के पिता थे।

### मनीष तिवारी



**मुंगेली।** दाऊपारा निवासी मनीष तिवारी का 50 वर्ष की उम्र में 17 अप्रैल शुक्रवार को हृदयाघात से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दाउपारा मुक्तिधाम में शनिवार को किया गया।

### पन्नूराम सिंगरौल



**तखतपुर।** ग्राम गिरधौना निवासी पन्नूराम सिंगरौल का 25 वर्ष की आयु में 20 अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम गिरधौना में किया गया। वे भुनेश्वर सिंगरौल के पुत्र थे।

### ममता गुप्ता



**तखतपुर।** वार्ड क्र 9 बजरंग नगर निवासी ममता गुप्ता का 58 वर्ष की आयु में 21 अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सांची मिल्क पार्लर संचालक विजय गुप्ता की बड़ी बहन, धीरज गुप्ता की माता थीं।

---

### पानी टंकी बनी शो-पीस, क्षेत्रवासी पेयजल की समस्या से त्रस्त

# धरातल पर विफल जल जीवन मिशन योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा-मुंगेली

घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई केंद्र एवं राज्य सरकार की 'जल जीवन मिशन योजना' के तहत निर्मित पानी टंकी सेतगंगा ग्राम पंचायत में शो पीस बनकर रह गई है। पानी की समस्या से त्रस्त ग्रामीण जिला मुख्यालय में पहुंचकर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर शीघ्र ही पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की मांग करेंगे।

ग्राम सेतगंगा में 2011 की जनगणना के अनुसार 379 परिवार हैं। ग्राम में जल स्तर 450–500 फीट नीचे चला गया है, जिसके कारण 2 डबरी, 1 तालाब, 2 कुंड, टेसुआ नदी, अपने अस्तित्व खोने के कगार पर हैं। वहीं 14 कुंआ लगभग अपनी अस्तित्व खो चुके हैं। वर्ष 2019 में सरकार ने 77 लाख रूपए की राशि स्वीकृत कर इस योजना का शुरुआत बड़े दावे और उम्मीदों के साथ की थी। इसका उद्देश्य सन 2024 तक नगर के सभी 19 वार्डों में पाइपलाइन के माध्यम से स्वच्छ और सुरक्षित जल उपलब्ध कराना था, ताकि लोंगो को दूषित पानी से मुक्ति मिल सके। लेकिन इन 5 वर्षो का लम्बा समय बीत जाने के बाद भी यह योजना धरातल पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। करोड़ों रूपए खर्च होने के बाद भी एक भी घर में पाइप लाइन से स्वच्छ पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है, जिससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि, आखिर यह राशि कहां और कैसे खर्च हुई।

कार्रवाई की मांग की मांग करने वालों में डॉ रामजी शर्मा, नीरज केशरवानी, कमल लोचन टोंडर, निरंजन टोंडर, हरि शंकर गुप्ता, मुरारी गुप्ता, किशन गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, दीपेंद्र घृतलहरे, संतोष चौहान, संतोष देवांगन, प्रमोद सोनी, सतीश देवागन, अभिषेक जायसवाल, रमाकांत सोनी, रामकुमार निषाद, देवेंद्र चौहान, राजू सोनी, भरत चौहान, प्रिंस जायसवाल शामिल हैं।



#### उच्चस्तरीय जांच व कार्रवाई की मांग

नगर की जनता अब इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रही है। लोगों का कहना है कि, स्वतंत्र जांच टीम गठन कर यह पता लगाए कि, 77 लाख रूपए कहां खर्च हुए हैं। जब कार्य गुणवत्ता के साथ नहीं हुआ, तो कार्यपूर्णता का एनओसी किसने बिना पंचायत की बैठक के जारी की।

#### टेंडर प्रक्रिया और कार्य में अनियमितता

इस योजना के क्रियान्वयन के लिए तत्कालीन सरकार की ओर से विधिवत टेंडर जारी किया गया था, जिसमें रायपुर के पार्टी को कार्य सौंपा गया। योजना के तहत डीआई पाइपलाइन बिछा कर घर–घर तक स्वच्छ और शुद्ध पेयजल पहुंचाने की रूप रेखा बनाई गई थी। इसके लिए तकनीकी ड्राइंग भी तैयार की गई थी, ताकि जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन सप्लाई नहीं थी, वहां प्राथमिकता से पाइपलाइन बिछाई जा सके। लेकिन कार्य आदेश मिलने के बाद भी जिस गति और गुणवत्ता से काम होना था वह कहीं भी नजर नहीं आता। आरोप है कि, कार्य अव्यवस्थित और लापरवाही ढंग से किया गया है। जिससे योजना मूल अपने उद्देश्य तक पहुंच ही नहीं पाई है। नगर के 379–400 परिवार आज भी 2005 में निर्मित पुरानी पाइप लाइन पर निर्भर हैं।

**पाइप लाइन जर्जर-** पाइप लाइन जर्जर होने से जगह-जगह से लीकेज हो रहा है। इसके कारण न केवल जल की बर्बादी हो रही है, बल्कि पाइप में बाहरी नाली का गन्दा और दूषित पानी मिल जाने से ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। नाली की नियमित साफ-सफाई के आभाव में ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है।

---

### कानून लागू करने में भाजपा जानबूझकर कर रही देरी: कांग्रेस

# महिला आरक्षण पर सियासत तेज कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना




**पेण्ड्रा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों, महिला सशक्तिकरण और राजनीतिक प्रतिबद्धता जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से अपनी बात रखी। कार्यक्रम में मरवाही के पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गजमती भानु, आदिवासी राष्ट्रीय कांग्रेस की समन्वयक अर्चना पोर्ते, महासचिव पुष्पराज सिंह, पवन केसरवानी सहित कई वरिष्ठ एवं सक्रिय कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

जिला अध्यक्ष गजमती ने कहा कि, महिला आरक्षण केवल राजनीतिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने आरोप लगाया कि, केंद्र सरकार इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ठोस पहल जरूरी है। पूर्व विधायक डॉ ध्रुव ने कहा कि, महिला आरक्षण बिल लंबे समय से देश की राजनीति में चर्चा का विषय रहा है, लेकिन इसे लागू करने को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठते रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि, कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण के पक्ष में रही है और आगे भी इस दिशा में संघर्ष जारी रखेगी। आदिवासी राष्ट्रीय कांग्रेस की समन्वयक अर्चना पोर्ते ने आदिवासी और ग्रामीण महिलाओं की स्थिति पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि, महिला आरक्षण का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस पार्टी आदिवासी महिलाओं के अधिकारों के लिए निरंतर प्रयासरत है।

महामंत्री पुष्पराज सिंह ने महिला आरक्षण बिल से जुड़े तथ्यों और पार्टी के दृष्टिकोण को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि, कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को संगठन और शासन में उचित प्रतिनिधित्व देने की दिशा में काम किया है। पत्रकार वार्ता के माध्यम से कांग्रेस ने स्पष्ट संदेश दिया कि, महिला आरक्षण केवल घोषणा तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे प्रभावी रूप से लागू कर महिलाओं की वास्तविक राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून बन चुका है, जिसमें लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है।कांग्रेस का आरोप है कि, इस कानून को लागू करने के लिए जनगणना और परिसीमन को अनिवार्य शर्त बनाकर भाजपा सरकार जानबूझकर देरी कर रही है। इस अवसर पर महिला पदाधिकारियों में सविता राठौर, गिरजा रानी पोट्टाम, सुनीता तिमोथी, ममता पैंकरा, मंडल अध्यक्ष रेखा तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। साथ ही वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सम्पत सिंह, शंकर कंवर, कोरजा के उपसरपंच दिलीप सोनी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

---

## प्रधान मुख्य वन संरक्षक पहुंचे मदकूद्वीप विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**सरगांव।** छत्तीसगढ़ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने मदकुद्वीप क्षेत्र अंतर्गत संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न निर्माण एवं विकास गतिविधियों का अवलोकन कर उनकी प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने वनमण्डल अधिकारी मुंगेली को संदेश दिया कि, समस्त विकास कार्य पर्यावरण के अनुकूल संपादित किए जाएं।

उन्होंने मदकुद्वीप क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता एवं जैव विविधता को संरक्षित रखते हुए विकास कार्य करने पर विशेष बल दिया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने कहा कि, मदकुद्वीप को धार्मिक आस्था एवं पर्यावरण संरक्षण के एक आदर्श केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जिससे यह क्षेत्र छत्तीसगढ़ में एक विशिष्ट पहचान स्थापित कर सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य वनसंरक्षक बिलासपुर, वनमंडल अधिकारी मुंगेली, उपवनमंडल अधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी पथरिया एवं क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्रिश्चियन प्रीमियर चैम्पियनशिप क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत 25 से

**तखतपुर।** क्रिश्चियन वेलफेयर सोसायटी तखतपुर के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय 'क्रिश्चियन प्रीमियर चैम्पियनशिप' फ्लडलाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का इस आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित क्रिकेट महाकुंभ 25 अप्रैल से 5 मई तक आयोजित होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से कुल 32 टीमें भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। इस बार टूर्नामेंट की खास बात यह है कि, प्रदेश के दूरस्थ अंचलों से भी टीमों की प्रभावशाली भागीदारी देखने को मिल रही है। कांसाबेल, सरायपाली, जगदीशपुर, भिलाई एवं दल्ली राजहरा जैसे क्षेत्रों की टीमें भी इस प्रतियोगिता में शामिल हो रही हैं, जिससे आयोजन का स्तर और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक व रोमांचक हो गया है। प्रतियोगिता को चार ग्रुप में विभाजित किया गया है, ताकि प्रारंभिक मुकाबलों को सुव्यवस्थित एवं संतुलित तरीके से संपन्न कराया जा सके। टूर्नामेंट की सबसे आकर्षक विशेषता यह है कि सभी मैच फ्लडलाइट में खेले जाएंगे। आधुनिक लाइटिंग सिस्टम से सुसज्जित मैदान में शाम से लेकर देर रात तक मुकाबले होंगे, जिससे दर्शकों को दिनभर की व्यस्तता के बाद भी रोमांचक मैचों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। फाइनल में विजेता टीम को आकर्षक ट्रॉफी एवं पुरस्कारों से नवाजा जाएगा।

## जिला अस्पताल ने फिर दिया चिकित्सा दक्षता का परिचय



**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय ने एक बार फिर अपनी चिकित्सा दक्षता का परिचय देते हुए एक 13 वर्षीय बालक की जान बचाने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। डॉक्टरों की तत्परता और टीमवर्क ने 13 वर्षीय बालक को नया जीवन दिया। जिले के ग्राम खेरवार निवासी 13 वर्षीय बालक को तेज बुखार और असहनीय पेट दर्द के साथ गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय में लाया गया। प्रारंभिक जांच और सोनोग्राफी में स्थिति बेहद गंभीर पाई गई। बालक का अपेंडिक्स फट चुका था, जो जानलेवा साबित हो सकता था। समय की नाजुकता को समझते हुए चिकित्सकों ने बिना देरी किए ऑपरेशन का निर्णय लिया।

---

## पेंड्रा बायपास को लेकर जनआक्रोश तेज, 8 साल बाद भी अधूरा

**पेंड्रा।** पेंड्रा क्षेत्र में प्रस्तावित 13 किलोमीटर लंबी बायपास सड़क को लेकर अब जनआक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। वर्ष 2018 में तत्कालीन सरकार द्वारा इस बायपास की घोषणा कर करीब 55 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन आठ साल बीत जाने के बाद भी यह परियोजना जमीनी स्तर पर आगे नहीं बढ़ सकी है।



फिलहाल यह योजना आंशिक भूमि अधिग्रहण तक ही सीमित है और निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। समय के साथ लागत बढ़ने के कारण अब इस बायपास के निर्माण के लिए करीब 100 करोड़ रुपए की आवश्यकता बताई जा रही है। इधर बायपास के अभाव में पेंड्रा नगर के मुख्य मार्ग से भारी मालवाहक ट्रक और ट्रेलर लगातार गुजर रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि, आए दिन हो रही घटनाएं आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं।

इसी मुद्दे को लेकर क्षेत्र के पत्रकारों और नागरिकों द्वारा मुख्यमंत्री एवं लोकनिर्माण मंत्री के नाम एक ध्यानाकर्षण पत्र जारी किया गया है। पत्र में जनहित को प्राथमिकता देते हुए बायपास निर्माण के लिए शीघ्र बजट स्वीकृति और कार्य प्रारंभ करने की मांग की गई है। नागरिकों का मानना है कि, पेंड्रा बायपास का निर्माण केवल यातायात सुगमता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के विकास, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। सोशल मीडिया पर भी यह मुद्दा अब मुहिम का रूप ले चुका है, जहां लोग इसे व्यापक रूप से साझा कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने में जुटे हैं। 'एक ही मांग-पेंड्रा बायपास का शीघ्र निर्माण' के नारे के साथ क्षेत्र की जनता अब ठोस कार्रवाई की उम्मीद कर रही है।



## बिजली संकट पर उग्र हुए ग्रमीणों का प्रदर्शन

**मल्हार।** शनिवार को विद्युत सब स्टेशन मल्हार में अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से त्रस्त ग्रामीणों ने जनपद सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे जनपद सदस्य मस्तूरी के नेतृत्व में विद्युत सब स्टेशन का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान सैकड़ों की संख्या में उपभोक्ता पहुंचे, प्रदर्शनकारियों ने '24 घंटे बिजली दो' जैसे नारे लगाकर अपनी नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना था कि, क्षेत्र में लगातार ट्रिपिंग, ओवरलोड और तकनीकी खामियों के कारण बिजली आपूर्ति चरमरा गई है। कई गांव एक ही फीडर से जुड़े होने के चलते लोड बढ़ जाता है, जिससे बार-बार बिजली गुल हो जाती है और लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। प्रदर्शन के दौरान अलग फीडर की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इस पर मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारियों ने 12 दिनों के भीतर अलग फीडर की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। साथ ही अन्य तकनीकी समस्याओं को भी शीघ्र सुधारने की बात कही। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 12 दिनों के भीतर मांग पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। कनिष्ठ यंत्री नीलेश टोप्पो के प्रभावशाली निर्णय से ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि संतुष्ट हुए। इस मौके पर केशव साहू सरपंच ठाकुरदेवा, हर प्रसाद भारते सरपंच डंगनिया, अनिल कुर्रे सरपंच कुटेला, गोविंद कश्यप सरपंच बैटरी, अनिल जांगड़े, शैलेन्द्र घृतलहरे, मुकेश जांगड़े, अरविंद कुर्रे आदि उपस्थित रहे।

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / / अति . तह ./वा ./2026
बिलासपुर दिनांक 20 .04 .2026

ग्राम सेंदरी के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिलासपुर जैन सभा द्वारा अध्यक्ष दीपक जैन के द्वारा मौजा सेंदरी प .ह .नं . 46 स्थित भूमि खसरा नंबर 2098/2 रकबा 1.711 हे . शासकीय भूमि को जैनाचार्य श्री 108 विद्यासागर महामुनीराज जी की स्मारिका एवं वाटिका हेतु को चिन्हित कर आवेदन प्रस्तुत है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 06 .05 .2026 को सुबह 11 :00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे।

आज दिनांक 20 .04 .2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला–मुंगेली ( छ.ग. )**

//ईश्तहार//

(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)

रा.प्र.क्र......................ब–121/2026
क्रमांक/319/वाचक/तह./2026
लालपुर थाना दिनांक 17.4.26

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम औराबांधा को सूचित किया जाता है कि आवेदक होरी दास पति/पिता श्री चोलादास जाति पनिका साकिन औराबांधा तहसील लालपुर थाना जिला–मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/ पुत्री/ पुत्र/ दादा/ दादी/ भाई/ बहन सोनी मानिकपुरी आ. श्री होरी दास के जन्म दिनांक 18.6.1998 ग्राम औराबांधा को हो जाने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 04.5.26 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/04/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी लालपुर थाना, जिला–मुंगेली ( छ.ग. )**

---

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला–मुंगेली ( छ.ग. )**

//ईश्तहार//

(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)

रा.प्र.क्र......................ब–121/2026
क्रमांक/324/वाचक/तह./2026
लालपुर थाना दिनांक 20.4.26

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम औराबांधा को सूचित किया जाता है कि आवेदक छेदीलाल पति/पिता श्री खदरू राम जाति तेली साकिन औराबांधा तहसील लालपुर थाना जिला–मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/ माता/ पुत्री/ पुत्र/ दादा/ दादी/ भाई/ बहन खदरू राम आ. श्री सावत के मृत्यु दिनांक 05.01.2007 ग्राम औराबांधा को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 27.04.26 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/04/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार लालपुर थाना, जिला–मुंगेली ( छ.ग. )**

---

**सार्वजनिक सूचना (PUBLIC NOTICE)**

यह सूचित किया जाता है कि हमारे मेरे मुवक्किल मौसाजी ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड, जो कि कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी है तथा जिसका पंजीकृत कार्यालय न्यू सरकंडा, सीपत रोड, बिलासपुर-495001, छत्तीसगढ़ में स्थित है, निम्नलिखित वाणिज्यिक संपत्तियों के सभी भागों एवं टुकड़ों के स्वामी है: प्लॉट नंबर 97, 103, 107/2A एवं 107/2B, शीट नंबर 19, ब्लॉक नंबर 15, खसरा नंबर 896/13 (जिसमे 896/35 शामिल), 896/36, 909/7, 909/8, क्षेत्रफल 0.016, 0.024, 0.001, 0.001 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 0.042 हेक्टेयर अथवा 4853 वर्ग फुट, जो ग्राम सरकंडा, अरविंद नगर, वार्ड नंबर 66 (पूर्व वार्ड नंबर 45), पी.एच. नंबर 032 (पुराना 20/24), आर.आई.सी. बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित है। उक्त संपत्ति का एक भाग, विशेष रूप से प्लॉट नंबर 107/2A, शीट नंबर 19, ब्लॉक नंबर 15. खसरा नंबर 909/7, क्षेत्रफल 0.001 हेक्टेयर (87 वर्ग फुट), श्री सतीश गुप्ता, पुत्र श्री दिलहरन लाल गुप्ता द्वारा श्री विनोद कुमार गुप्ता से क्रय किया गया था, जो विक्रय विलेख (Sale Deed) के माध्यम से बुक नंबर Ad-1, वॉल्यूम नंबर 18461, पृष्ठ 83-93, दस्तावेज क्रमांक 2788, दिनांक 13.10.2010 के रूप में उप-पंजीयक, बिलासपुर (छ.ग.) कार्यालय में पंजीकृत है। उक्त मूल विक्रय विलेख दिनांक 13.10.2010 खो गया/गुम हो गया है। इसकी सूचना सिविल लाइन थाना, बिलासपुर में गुमशुदगी रिपोर्ट नंबर 0135/2026, दिनांक 30/03/2026 के अंतर्गत दर्ज कराई गई है।

हमारे/मेरे मुवक्किल यह पुष्टि करते हैं कि उक्त खोया हुआ दस्तावेज किसी भी व्यक्ति, संस्था या संगठन के पास गिरवी, बंधक, जमा, हस्तांतरित या सुपुर्द नहीं किया गया है तथा इसके आधार पर किसी भी तीसरे पक्ष का कोई अधिकार, हित, दावा या भार (Encumbrance) न तो विद्यमान है और न ही बनाए जाने का इरादा है। मुवक्किल अपनी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार उक्त संपत्ति पर कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड से गृह ऋण (Mortgage Loan) लेना चाहते है

अत: जिन किसी व्यक्तियों को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग पर किसी भी प्रकार का अधिकार, स्वामित्व, हित, दावा, बंधक, या किसी प्रकार का हक (जैसे विक्रय, बंधक, विनिमय, उपहार, उत्तराधिकार, पट्टा, लाइसेंस, कब्जा, रास्ता अधिकार, ट्रस्ट, असाइनमेंट या अन्य कोई दावा) हो, वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर सभी संबंधित दस्तावेजों सहित लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें। यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई दावा प्राप्त नहीं होता है, तो यह मान लिया जाएगा कि ऐसा कोई दावा अस्तित्व में नहीं है, और यदि कोई दावा होगा भी तो उसे त्याग दिया दिया गया, मुक्त कर दिया गया या परित्यक्त माना जाएगा।

दिनांक-20.4.26 स्थान - बिलासपुर

**अनुपम शुक्ला, अधिवक्ता**
पता- ब्रिज विहार, अशोक नगर, डी.एल. एस. कालेज के पास,
बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9827198825

---

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

अभिनेष पाठक ..........आवेदक

विरुद्ध

प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा पीबीबी वगैरह ...........अनावेदकगण

उत्तरा .प्र .क्र . 00028/2026
पेशी ता . 11 .05 .2026
आदेश दि . 07 .04 .2026
प्रोसेस क्र . 53/2026

प्रति, आम जनता, आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम बाबत मृतक संतोष कुमार पाठक के नाम जमा राशि 3,87,900/– रू. को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु पेश किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 11 .05 .2026 को नियत है। आम जनता एवं हितबद्ध को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस / ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में दिनांक 11 .05 .2026 को दिन के 11 :00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 11 .05 .2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

अत: आज दिनांक 15 .04 .2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 15 .04 .2026
स्थान बिलासपुर

(असलम खान)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
जिला बिलासपुर (छ .ग .)

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार श्रीमती उषा बाई सुर्यवंशी उम्र 59 वर्ष पति शिवकुमार सुर्यवंशी निवासी–ग्राम चकरबेढ़ा, थाना व तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर (छ .ग .) मो . नं–6263333307 से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आश्य का सूचना पत्र का प्रकाशन कराता हूं कि मेरे उपरोक्त पक्षकार ग्राम–चकरबेढ़ा प .ह .न . 20 रा .नि .मं . मल्हार तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर स्थित कृषि भूमि ख .नं . क्रमशः 40/1, 40/4, 40/6, 40/8, 218/7, 218/10 कुल खसरा 06 रकबा क्रमशः 0 .43 ए . (0 .174हे .), 0 .80 ए . (0 .324 हे .), 0 .80 ए . (0 .324 हे .), 0 .45 ए . (0 .182 हे .), 0 .23 ए . (0 .093 हे .), 0 .60 ए . (0 .242 हे .) कुल रकबा 3 .31 एकड़ (1 .339 हे .) को किसी के पास भी विक्रय करने का सौदा नहीं किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि को विक्रय किये जाने हेतु किसी भी, व्यक्ति, संस्था, समिति, व्यवसायिक प्रतिष्ठान से अग्रिम रकम प्राप्त कर लिखित अनुबंध/ इकरारनामा का निष्पादन नहीं किया गया है। इस तरह का कोई भी फर्जी दस्तावेज के साथ कोई भी व्यक्ति, भूमि दलाल, भू–माफिया द्वारा विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा हो तो वह अपराध है मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संबंध में पुलिस थाना एवं पुलिस अधीक्षक महोदय बिलासपुर के पास स्वयं उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराया जा रहा है अगर कोई मेरे पक्षकार के उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने का प्रयास कर रहा है तो भविष्य में होने वाली कानूनी कार्यवाही एवं वाद–विवाद के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सो सूचना जाने !

दिनांक– 21/04/2026

भवदीय
**हरि कृष्ण शर्मा, अधिवक्ता**
कार्यालय-121, डी.एस.एस. काम्पलेक्स
मुंगेली नाका, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं- 9300293941

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक/क/तह./ वा. / 2026 बिलासपुर, दिनांक 06/04/2026

ग्राम जूनाबिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता ग्राम ग्राम जूनाबिलासपुर प0ह0न0 36 तहसील–बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 776/1 मेंसे रकबा 2400 वर्गफीट भूमि का छ.ग.भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदिका श्रीमती टी पदमाजा पति टी कृष्णा राव निवासी विनोबा नगर बिलासपुर तहसील–बिलासपुर जिला–बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 05/05/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनॉक 06/04/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार बिलासपुर (छत्तीसगढ़ )**

---

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल-संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि ATAL VIHAR YOJANA CHILHATI में स्थित EWS Ind संपत्ति क्रमांक-217, SMT. RAJNI SHUKLA पिता/पति W/O VINOD KUMAR SHUKLA के नाम से आबंटित/नामंत्रित है, आबंटी द्वारा उक्त संपत्ति की सेलडीड / अनुबंध/लीजडीड दिनांक 04/05/2017 पंजीकृत करने के उपरांत संपत्ति की पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य/नामांतरण आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी SMT. RAJNI SHUKLA पिता/पति W/O VINOD KUMAR SHUKLA निवासी-EWS Ind-217, VILL, POST SUKULKARI, THANA MASTURI, BILASPUR (C.G.) के द्वारा उक्त संपत्ति को क्रेता (1) Ajay lahre पिता/पति Ramsahay निवासी Ward no. 13, amldiha, puchheli, mungeli cg 495335 के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन एवं विक्रय इकरारनामा, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) की मांग की गई है।

अत: उक्त संपत्ति के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र–बिलासपुर

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार//

क्रमांक/क/तह./ वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 06/04/2026

ग्राम मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है ग्राम मोपका प.ह.न. 29 तहसील–बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 991/4 रकबा 2000 वर्गफीट भूमि का छ.ग.भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदिका श्रीमती मीरा बाई पति श्री हेमप्रकाश निवासी पिरदा तहसील–मालखरौद जिला–जांजगीर–चांपा छत्तीसगढ़ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 22/04/2026 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 06/04/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक/क/अति.तह. / वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक //2026
रा.प्र.क्र. /अ-6 (अ)/2025-26
ग्राम-मंगला, प.ह.नं. 35

ग्राम मंगला के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा-मंगला, प.ह.न. 35 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 1443/10 रकबा 0 .0120 हेक्टेयर भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती के लिए आवेदक श्री अक्षत श्रीवास्तव पिता स्व. देवेश प्रसाद, निवासी म.नं. 198 अज्ञेय नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 29/4/2026 को प्रातः 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 13/4/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार -2 एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/Q/ना.तह./वा./2026
बिलासपुर दिनांक 13 .04 .2026
रा.प्र.क्र..../ब–121/2026
ग्राम जरहाभाठा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम जरहाभठा प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका शांति लता चंद्रा पिता/पति स्व. आलोक चंद्रा निवासी ग्राम जरहाभाठा के द्वारा शिशु/मृतक/मृतिका स्वयं की मृत्यु/जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 28 .04 .2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13 .04 .2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

---

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

उपलब्धि

## 500 से ज्यादा फिल्मों के बीच छत्तीसगढ़ी फिल्म 'स्क्रीन' का चयन

**बिलासपुर।** बुल्गारिया के गोल्डन फेमी फिल्म फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म स्क्रीन ने टॉप-8 में जगह बना ली है। फिल्म के निर्देशक एवं निर्माता अखिलेश पांडेय ने बताया कि इस




साल दुनिया भर से 500 से ज्यादा फिल्मों की एंट्री आई थी। कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद स्क्रीन ने शुरुआती तीन राउंड पार कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। यह पहला मौका है जब कोई छत्तीसगढ़ी फिल्म यूरोप के इस प्रतिष्ठित मंच पर इस स्तर तक पहुंची है। फिल्म की कहानी स्क्रीन छत्तीसगढ़ के युवाओं एवं बच्चों में मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते असर की कहानी कहती है। फिल्म की पूरी शूटिंग बिलासपुर में हुई है। फिल्म के सह-निर्देशक सावन वर्मा हैं। मुख्य कलाकार अखिलेश पांडेय, रेखा पटेल, आरती पांडेय, विवेक दुबे, सचिन शर्मा, सुनीता शर्मा, दिनेश पांडेय, मनीष भटेजा, मनमोहन, उमेश सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह चंदेल, शशि भूषण सोनी, हरीश यादव, निखिल शुक्ला, करण सिंह, अमृतेश मिश्रा, राशिद बक्स, नरेंद्र शर्मा, अमित तिवारी, श्याम मोहन दुबे, सुनील दत्त मिश्रा, विनोद, गिरधर, आदित्य पांडेय, नेहा तिवारी, काश्वी पांडेय, आयुष्मान तिवारी, अनन्या जायसवाल भूमिका कर रहे है।

आयोजन

## प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दुर्लभ दर्शन 26 को श्याम मंदिर में

**बिलासपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के तत्वावधान में खाटू श्याम मंदिर परिसर में एक भव्य एवं दिव्य आध्यात्मिक आयोजन 26 अप्रैल को होने जा रहा है। इस विशेष अवसर पर श्रद्धालुओं को 1000 से अधिक वर्षों से प्राचीन माने जाने वाले मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन का दुर्लभ एवं ऐतिहासिक अवसर प्राप्त होगा।



इस पावन आयोजन की प्रेरणा श्री रविशंकर के आशीर्वाद से मिली है। परंपरा के अनुसार, यह पवित्र शिवलिंग कुछ अग्निहोत्री ब्राह्मणों द्वारा सुरक्षित रखा गया और कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य के आदेशानुसार श्रद्धा स्वरूप यह दिव्य शिवलिंग श्री श्री रविशंकर जी को सौंपा गया, जिसके पश्चात उनके मार्गदर्शन में देशभर में इस पवित्र शिवलिंग के दर्शन हेतु आध्यात्मिक यात्राओं एवं आयोजनों की श्रृंखला प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में अब बिलासपुर के श्रद्धालुओं को यह सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। आयोजन के दौरान रुद्राभिषेक, सत्संग एवं दर्शन का आयोजन किया जाएगा, जहां श्रद्धालु शिव भक्ति में डूबकर इस दिव्य अनुभव का हिस्सा बन सकेंगे।

कार्यक्रम

## प्रशिक्षण शिविर में बच्चे सीख रहे सूर्य नमस्कार



**बिलासपुर।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा बिलासपुर ने अटल आवास रूद्र विहार कॉलोनी सरकंडा में निवासी संस्कार वालों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया है। शाम सवा 5 बजे से पौने 7 बजे तक चल रहे इस शिविर में प्रतिदिन विशेष गतिविधियां कराई जा रही है। शिविर 25 अप्रैल तक चलेगा। सूर्य नमस्कार, योग, आज्ञा व्यास, भजन संध्या, समता, धैर्य, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व गुण क्षमता का विकास, ज्ञानवर्धक खेल कराना शिविर की प्रमुख विशेषता है। वहीं विवेकानन्द के विचारों से अवगत करा बच्चों को प्रेरित किया जा रहा है। शिविर का मार्गदर्शन योगेंद्र राठौड़ छत्तीसगढ़ विभाग संगठक, विवेक पांडे सह नगर प्रमुख, डॉ योगेश जायसवाल , नगर सह संचालक, नरेन्द्र गुप्ता नगर प्रमुख, डॉ सुषमा पांड्या, भरत पाखमोड़े व्यवस्था प्रमुख द्वारा किया जा रहा है। शिविर के समापन पर विशिष्टजनों के हाथों बच्चों को प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा।

धर्म-क्षेत्र

## चंदेला नगर में माताजी की जन्म शताब्दी पर दीप महायज्ञ



**बिलासपुर।** चंदेला नगर में वंदनीया माताजी जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर 'नवयुग का संविधान' के संकल्पों के साथ एक भव्य दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने शामिल होकर अपनी वैचारिक आहुतियां अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान 'नवयुग का संविधान' के सूत्रों पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित लोगों को स्वाध्याय, संयम और सेवा के माध्यम से समाज निर्माण में योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया। दीपों की प्रज्वलित लौ के बीच सभी परिजनों ने नशा मुक्ति, कुरीति उन्मूलन और संस्कारों के संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया। अंत में शांति पाठ कर प्रसाद वितरण किया गया। यह जानकारी नंदिनी पाटनवार जिला समन्वयक गायत्री परिवार बिलासपुर ने दी।



# परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य झांकी के साथ निकाली गई शोभायात्रा

समग्र ब्राह्मण समाज एवं परशु सेना बिलासपुर ने मंगलवार को श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शीतला माता मंदिर दयालबंद से बाजे-गाजे एवं भव्य झांकी के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा के समापन पर देवकीनंदन स्कूल प्रांगण में धर्म सभा आयोजित की गई। इसमें श्री जगदगुरू रामानुजाचार्य, श्री स्वामी घनश्यामाचार्य महराज ने अपना आशीर्वचन दिया।

**समग्र ब्राह्मण समाज संग परशु सेना का आयोजन, कलाकारों ने दी भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति**





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रैली शीतला माता मंदिर दयालबंद से प्रारंभ होकर गांधी चौक, हटरी चौक जूना बिलासपुर, गोल बाजार, सदर बाजार होते हुए पं. देवकीनंदन दीक्षित स्कूल में धर्मसभा के रूप में परिणित हो गई।

इसमें श्री जगदगुरू रामानुजाचार्य, श्री स्वामी घनश्यामाचार्य महराज ने आशीर्वचन दिया। इसके बाद महाआरती की गई। रात्रि 8 बजे महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसमें हजारों लोगों ने प्रसाद लिया। अंत में भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। इससे माहौल भक्तिमय बना रहा। शोभायात्रा का जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मीठा, फल, ठण्डा पिला कर स्वागत किया। शोभायात्रा में बैंड, परशुराम सहित अन्य झांकियां, स्थानीय नर्तक दल प्रयागराज की झांकियां, बस्तर वाद्य यंत्र आकर्षण का केंद्र रहा। ज्ञात हो कि परशुराम जन्मोत्सव पर चार दिवसीय आयोजन किया गया। इसके समापन पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक श्री सुशांत शुक्ला, बी.के.पाण्डेय, प्रदीप शुक्ला, चंद्र प्रकाश बाजपेयी, अरविंद दीक्षित, प्रभात मिश्रा, कमल तिवारी, जय श्री शुक्ला, विवेक बाजपेयी, प्रवीण झा, राजेश त्रिवेदी, हर्षिता पाण्डेय, गोपाल तिवारी, सुदेश दुबे साथी, राजेश त्रिवेदी, शिवा मिश्रा, विनय शर्मा, राजकुमार तिवारी, आशुतोष तिवारी, आदर्श दुबे, अंशुमान शर्मा, प्रणव शर्मा, मनीष शर्मा, अमित शुक्ला, विवेक दुबे, ऋृषभ चतुर्वेदी, महर्षि वाजपेयी, चुट्टू अवस्थी, जितेंद्र चौबे अपूर्व तिवारी,अंकित गौरहा, देवेश तिवारी, रिंकू त्रिपाठी, मिंकू त्रिपाठी, सत्यशिव तिवारी, आदित्य दीक्षित, आलोक त्रिवेदी लक्ष्मीकाँत दीक्षित, मनोहर लाल मिश्र, राजेश पान्डेय, सुरेन्द्र तिवारी, अनुग्रह मिश्रा, शाश्वत तिवारी, सुनील बाजपेयी, सिद्धार्थ पाण्डेय, ऋषि तिवारी, भावेश दुबे, प्रतिक तिवारी, संदीप तिवारी, करण पाण्डेय, अभिषेक तिवारी, विवेक शास्त्री, संतोष अवस्थी, वैभव अवस्थी, प्राजल तिवारी, सिद्धांत दुबे, दिनेश त्रिपाठी, विभा गौरहा, सीमा पाण्डेय, शिल्पी तिवारी, श्रद्दा तिवारी,अल्का तिवारी, प्रभा तिवारी, मान्या तिवारी, अरूणा दीक्षित, वँदना मिश्रा, सँगीता तिवारी,आरती दुबे, अनीश तिवारी,चारु शर्मा, सुधा शर्मा, आरती दुबे, अन्नी शुक्ला, प्रतिमा शर्मा, अरुणा दीक्षित, तृप्ति बाजपेई, शिल्पी तिवारी,ऊषा किरण बाजपेई,पूनम शुक्ला, सीमा पांडेय शामिल रहे।



छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण समाज ने वृद्धा आश्रम में स्नेह भोज का आयोजन किया।



शोभायात्रा में सीएमडी कॉलेज के चेयरमैन डॉ. संजय दुबे शामिल हुए।



परशुराम शोभायात्रा में रोहित मिश्रा, आशीष तिवारी, पार्षद रंगा नादम शामिल।



पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने शोभायात्रा का स्वागत किया।



शोभायात्रा में राजकुमार तिवारी, विवेक बाजपेयी, प्रशांत मिश्रा शामिल हुए।



शोभायात्रा का प्रवीण झा, अमर बजाज ने स्वागत किया।



दु:ख भंजन समिति के अभिजीत तिवारी ने स्वागत किया।



### पंजाब बैंड, उज्जैन का डमरू दल और झांकियां रही आकर्षण

शोभायात्रा में इस बार विशेष रूप से पंजाब का बैंड शामिल,उज्जैन से डमरू दल,महराष्ट्र का पथक शामिल था,जिससे यात्रा मार्ग में एक अलग उमंग और उत्साह था। इसके अलावा शोभायात्रा में भगवान परशुराम जी,, श्री राम झांकी,राधा-कृष्ण ,हनुमान जी और माँ काली की सजीव झांकियां आकर्षण का विशेष केंद्र रहें । इसके अलावा प्रदेश की पारंपरिक लोकनृत्य पंथी, कर्मा एवं गेड़ी के साथ अन्य प्रदेशों से आए पारंपरिक नर्तक दलों ने शोभायत्रा का नेतृत्व किया।

स्पोर्ट्स न्यूज

## फाउंडेशन एकेडमी में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के द्वारा नवोदित क्रिकेटरों को राजा रघुराज सिंह स्टेडियम बड़े मैदान में क्रिकेट का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आज समापन हुआ। समापन के पहले फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ियों ने मैच भी खेले और शानदार प्रदर्शन भीकिया। आज प्रशिक्षण के समापन अवसर पर एफसीए वॉरियर्स तथा एससीए ड्रैगन के बीच 15 -15 ओवर का मैच भी हुआ। जिसमें पहली बार फाउंडेशन के के खिलाड़ियों ने स्टेडियम में अपनी खेल प्रतिभा दिखाई। और रोमांचक मैच में एफसीए वॉरियर्स ने 46 रन से एफसीए ड्रैगन के खिलाड़ियों को हराकर आज का मैच जीत लिया। विजेता टीम को पुरस्कार भी दिया गया।

■ **दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन**

पहले बल्लेबाजी करते हुए एफसी वॉरियर्स ने निर्धारित 15 ओवर में 109 रन बनाएं और एफसीए ड्रैगन को 110 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में एफसीए ड्रैगन की टीम 8 विकेट खोने के बाद 64 रन में ही सीमट गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ऋषभ मरावी को दिया गया इन्होंने गेंदबाजी करते हुए सर्वाधिक विकेट लिए। रघुराज स्टेडियम मे बच्चों ने शानदार प्रदर्शन भी किया और अपनी खेल प्रतिभा दिखाई। खिलाड़ियों के माता-पिता भी अपने बच्चों के खेल प्रदर्शन को देखने पहुंचेथे। इस बड़े आईपीएल स्तर के खेल मैदान में अपने बच्चों को खेलते देखा माता-पिता भी खुश नजर आ रहे थे। बच्चों ने रघुराज स्टेडियम खेल मैदान की पिच और बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी को लेकर भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। दो दिवसीय प्रशिक्षण में कोच कमल चड्डा के द्वारा बच्चों को क्रिकेट के गुण सिखाए गए। आज के मैच में बालक और बालिका दोनों वर्ग ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी भी की और अपनी खेल प्रतिभा दिखाई।

आईपीएल स्तर के इस बड़े प्रशिक्षण दिया गया, यह प्रशिक्षण बच्चों को रघुराज स्टेडियम जैसा बड़े राष्ट्रीय स्तर का खेल मैदान दिखाने के साथ-साथ यहां यहां खेल की प्रतिभा निखारने का भी अवसर मिलेगा। समय-समय पर क्रिकेट का प्रशिक्षण देने के लिए राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में फाउंडेशन के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण का अवसर दिया जाएगा।

## सीनियर टी-20 बिलासपुर की ब्लू टीम घोषित



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा इस वर्ष भी मेंस सीनियर टी-20 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें सर्वप्रथम सीनियर प्लेट ग्रुप का मैच 23 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग मैदानों में खेला जाएगा।

■ **23 को खेला जाएगा अलग-अलग मैदानों में**

इस प्रतियोगिता के लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा बिलासपुर ब्लू सीनियर टी-20 की टीम मंगलवार को घोषित कर दी गई है। चयनकर्ताओं द्वारा टीम का चयन करने से पूर्व 4 सिलेक्शन मैच और कैंप लगाए गए थे। जिसमें खिलाड़ियों के प्रदर्शन और क्रिकेट की स्किल को देखते हुए टीम का चयन किया गया है। बिलासपुर की टीम में पवन परनाते, अभिजीत ताह, नयन राजकुमार, चवन, मोहम्मद इरफान (सी), सनी पांडेय, मोहित रावत, इम्तियाज खान, अभिषेक सहगौरा, धनंजय नायक, वासुदेव बरेठ (वीसी), प्रवीण कुमार यादव, आजम हुसैन, आदित्य श्रीवास्तव, अनुज कुमार सिंह, अनुज चंद्रा, दीपक सिंह बघेल और अखिलेश शर्मा का चयन किया गया है। बिलासपुर टीम के कोच आकाश सिंह हैं। यह जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेंद्र सिंह ने दी।

### बनाया गया है 4 ग्रुप

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता 23 अप्रैल से प्रारंभ हो रही है। इसमें 4 ग्रुप ए, बी, सी और डी बनाया गया है। बिलासपुर ब्लू की टीम ग्रुप सी में है। इसके अलावा इस ग्रुप में कवर्धा, बस्तर और कोरिया भी है। बिलासपुर ब्लू अपना पहला मैच 23 अप्रैल को कवर्धा के मध्य सेक्टर-10 भिलाई में खेलेगा। दूसरा मैच 24 अप्रैल को बस्तर के मध्य और तीसरा मैच 25 अप्रैल को कोरिया के मध्य राजनांदगांव में खेला जाएगा। सभी खिलाड़ी 22 अप्रैल को भिलाई के लिए निकलेंगे।

## खबर संक्षेप

### म्यूल बैंक खाताधारक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पुलिस ने बैंक खाता धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, भारत शासन द्वारा संचालित पुलिस पोर्टल जेएमईएस के माध्यम से आईडीबीआई बैंक के संदिग्ध बैंक खाता धारक प्रकाश साहू पिता रविशंकर साहू ब्रिज विहार अशोक नगर निवासी के द्वारा खुलवाया गया है। उसने अपने बैंक एकाउंट से विभिन्न बैंक एकाउंट में यूपीआई / एटीएम विड्रल माध्यम से रकम स्थानांतरित व आहरित किया है। उक्त बैंक खाता से ठगी रकम लेनदेन करने की आशंका है। पुलिस ने बैंक खाताधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 317, 5318, 4, 323, 61, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कार को टक्कर मार स्कूटी सवार युवती घायल

**बिलासपुर।** शापिंग करने जा रही महिला डाक्टर की कार को टक्कर मारकर स्कूटी सवार युवती घायल हो गई। घायल युवती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं टक्कर लगने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने युवती के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अग्रसेन चौक जयपाल टावर निवासी डा. सुधा राम पिता रधु राम किम्स हास्पिटल में डाक्टर है। 20 अप्रैल की शाम 7 बजे वह अपनी कार क्रमांक एनटी 02 बीएल, 5468 से अपनी छोटी बच्ची को साथ लेकर नेहरू नगर होते हुए 36 सिटी मॉल जा रही थी। सांई मंदिर के पास सामने से आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एजे, 4218 की चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी कार को टक्कर दी। इसमें स्कूटी सवार युवती को चोट आई है। परिजन के द्वारा घायल युवती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं स्कूटी की टक्कर से उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने महिला डाक्टर की रिपोर्ट पर स्कूटी चालक युवती के खिलाफ बीएनएस की धारा 184, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कार गड्ढे में घुसकर पलटी, 5 घायल

**बिलासपुर।** देर रात बारात से लौट रही कार सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे में घुसकर पलट गई। हादसे में 5 लोगों को चोट आई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, टिकरापारा के युवक कार क्रमांक सीजी 10 बीएन, 6974 से बलौदाबाजार तुरतुरिया गए थे। शादी में शामिल होने के बाद देर रात कार से लौट रहे थे। रात 2 बजे लालखदन के पास सड़क किनारे खोदे गए गढ्ढे.में उनकी कार घुसकर पलट गई। हादसे में कार सवार 5 लोगों को चोट आई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। टीआई रजनीश सिंह ने बताया पीड़ित रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं आए है।

### दिव्यांग बच्चों के लिए समर कैंप का शुभारंभ

**बिलासपुर।** विशेष दिव्यांगता वाले बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन गुरुद्वारा सिंह सभा दयालबंद एवं स्पेशल ओलम्पिक भारत छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष परमजीत सिंह सलूजा, गुरदीप आजमानी, लॉयन्स क्लब से नितीन सलूजा एवं बीडीएनए अध्यक्ष ललित पुजारा द्वारा किया गया। इसका आयोजन भारत छत्तीसगढ़ की फैमिली फोरम हेड कविता पुजारा द्वारा किया जा रहा है।


**मरीज हो रहे तर-बतर** क्रेडा को अब मिला 32 लाख रुपए, टेंडर प्रक्रिया में लगेगा 2 माह

# सालों से सिम्स का सोलर सिस्टम बंद, बिजली ठप होते ही मरीज होते हैं हलाकान

**बिलासपुर।** पिछले कई सालों से सिम्स का सोलर सिस्टम बंद है, लेकिन इसे शुरू करने की कवायद इस साल हुई है। इस कारम मरीजों को इस गर्मी में भी हलाकान होना पड़ रहा है। दरअसल मार्च में सिम्स प्रबंधन ने सोलर सिस्टम को दुरूस्त करने 32 लाख रुपए दिए है, ऐसे में क्रेडा को टेंडर प्रक्रिया पूरी करने और सिस्टम को बनाने 2 माह का समय लग सकता है। साफ है इस साल भी गर्मी में बिजली बंद होते ही मरीजों को पसीने से तर होना पड़ रहा है।

**अलग खबर**

सिम्स में लगे सोलर पैनल का जायजा लिया गया तो पाया गया कि लाखों रुपए खर्च कर लगाए गए सोलर पैनल जंग खा चुके है। पैनल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है, वहीं बैटरी खराब है। ऐसे में सिम्स के मेल सर्जिकल वार्ड, आर्थेपेडिक वार्ड, फिमेल सर्जिकल वार्ड, बर्न यूनिट जैसे पुराने वार्डो में बिजली बंद होते ही अंधेरा छा जाता है, यह रोज की कहानी बन चुकी है। हालांकि सिम्स प्रबंधन ने सोलर को दुरूस्त करने का बीड़ा उठाया है लेकिन इसके में देरी हो रही है। सिम्स प्रबंधन का कहना है क्रेडा ने इसकी स्वीकृति के लिए रायपुर कार्यालय फाइल भेजी है, टेंडर लगने और वर्क आर्डर होने में ही दो माह का समय गुजर जाएगा। ऐसे में कहा जाता सकता है कि आने वाले दो महीने सिम्स के मरीजों को सोलर की बिजली मिलनी मुश्किल है।



सिम्स में लगा सोलर सिस्टम कई साल से बंद।

### पुरानी बिल्डिंग की तारें जर्जर

खास बात यह है कि सिम्स की नई बिल्डिंग में ज्यादातर जगहों पर बैटरी और डीजी से करंट सप्लाई की जा सकती है। बिजली बंद होते ही यह एक्टीव भी हो जाता है लेकिन पुरानी बिल्डिंग में पहले भी सोलर पैनल से बिजली सप्लाई कराना प्रबंधन के लिए खासी चुनौतीपूर्ण रहता है, जबकि सोलर पैनल पुरानी बिल्डिंग में के एक हिस्से में लगाया गया था। बताया जा रहा है कि ज्यादातर तारें जर्जर हो चुकीं है। खराब होने के कारण कई बार शार्ट सर्किट होने और रिटर्न करंट आने की दिक्कत होती है, जिसके चलते बैटरी खराब होने का खतरा बना रहता है।

### जल्द काम पूरा करेंगे

क्रेडा को ही सोलर पैनल लगाना है, हमने 32 लाख रुपए दिए है, जल्द ही पैनल और बैटरी लगाए जाएंगें।

**-डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स

### फंड जमा कराया जा रहा

फाइल रायपुर कार्यालय भेजा गया है, पिछले माह ही फंड जमा कराया गया है, वर्क आर्डर और टेंडर प्रक्रिया में समय लगता है। फिर भी जल्द से जल्द काम पूरा करने की कोशिश की जाएगी।

**-सना परवीन**, ईई, क्रेडा विभाग

कानन पेण्डारी जू प्रबंधन वन्यप्राणियों के जीवन के साथ कर रहा खिलवाड़

# भीषण गर्मी में तप रहे हैं कानन के वन्यप्राणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानन पेण्डारी जू प्रबंधन दोपहर की भीषण गर्मी में वन्यप्राणियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। तेज धूप में स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव नहीं होने और टंकी में पानी नहीं होने के कारण वन्यप्राणी तपने के साथ प्यासे भी हैं, जिनकी हालत कभी भी किसी भी समय खराब हो सकती है।

अप्रैल माह की भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। दोपहर की तेज धूप और भीषण गर्मी के कारण लोग अपने घरों से निकलना नहीं चाह रहे हैं। लोगों के साथ दोपहर की तेज धूप से वन्यप्राणियों को भी परेशानी होती है, जो धूप से बचने के लिए पेड़ों की छांव का सहारा लेते हैं। गर्मी में कानन पेण्डारी पर्यटन केन्द्र के अंदर रहने वाले वन्यप्राणियों को भी काफी परेशानी हो रही है। भीषण गर्मी से बचाव करने के लिए कानन प्रबंधन ने सभी वन्यप्राणियो के लिए पहले से ही अलग-अलग व्यवस्था कर रखी है, लेकिन यह व्यवस्था कुछ मिनटों के बाद बंद कर दी जाती है।

प्रबंधन के अनुसार मांसाहारी वन्यप्राणी यानि लायन, टाइगर व अन्य के लिए बनाए गए केज में कूलर, पंखे और खस लगाए गए हैं, जिसमें पानी लगातार भरा जा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ कूलरों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। इसके अलावा सांपों, पक्षियों के केज में खस लगाया गया है, जिसमें प्रतिदिन चार से पांच बार पानी का छिड़काव किया जा रहा है। सबसे अधिक पानी मांसाहारी वन्यप्राणियों के केज में उपयोग हो रहा है।

टाइगर और तेंदुआ के केज में पाइप से चार से पांच बार पानी डाला जाता है। वहीं चीतल, नील गाय सहित अन्य शाकाहारी वन्यप्राणियों के केज में स्प्रिंकलर लगाए गए हैं, जिसमें लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है। यह व्यवस्था केवल कुछ मिनटों की रहती है। वर्तमान में स्प्रिंकलर की हालत ऐसी है कि उसका उपयोग दोपहर की तेज धूप में पानी छिड़काव के लिए बंद कर दिया गया है। इसके अलावा किसी भी केज में वन्यप्राणियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं कराई गई है।

**गर्मी से बेहाल शेर...**







सूखे पड़े जलकुंड, प्यासे भटक रहे वन्य जीव।

### धूप से बचने पेड़ों का सहारा

भीषण गर्मी का असर वन्यप्राणियों पर भी हो रहा है। वन्यप्राणी गर्मी और दोपहर की तेज धूप से बचने के लिए पेड़ का सहारा लेने लगे हैं। घास मैदान मे विचरण करने वाले वन्यप्राणी सांभर केज के बाहर पेड़ पौधो के नीचे दिनभर बैठे रहते हैं। भालू के बाड़े में पत्तेदार पेड़ अधिक हैं। वह धूप तेज होते ही पेड़ पर चढ़ जाते हैं। अन्य वन्यप्राणी भी पेड़ की छांव में आराम करते हुए दिखाई देते हैं। वहीं सांभर, हिरण, बारहसिंघा और अन्य शाकाहारी वन्यप्राणियों के लिए टीन का शेड बनाकर पैगोड़ा तो बनाया गया है, लेकिन उसके ऊपर घास नहीं डालने से टीन के शेड भी काफी गरम करते हैं, जिसकी वजह से वन्यप्राणी शेड के बजाय पेड़ के नीचे रहना पसंद कर रहे हैं।

### वाटर कूलर में गरम पानी

स्प्रिंकलर तो वन्यप्राणियों को ठंडक देने के लिए केज में लगाया गया है, जिसमें पानी का छिड़काव पूरी तरह से बंद है। वहीं मोर के अलावा टाइगर, हिरण, बारहसिंघा व अन्य वन्यप्राणियों के पानी पीने के लिए बनाई गई टंकी सूखी है। इसके साथ ही कानन जू में भ्रमण करने वाले सैलानियों के लिए शुतुरमुर्ग केज के पास एक वाटर कूलर लगाया गया है, जहां सैलानियों को ठंडे पानी की जगह गरम पानी पीना पड़ रहा है।

### लाइट की परेशानी

सुबह से कानन पेण्डारी जू में बिजली बंद की परेशानी थी, जिसके कारण जू में रखा जनरेटर भी काम नहीं कर रहा था। पूरे जू में एक जनरेटर रखा हुआ है। बिजली बंद के कारण ही स्प्रिंकलर से पानी का न तो छिड़काव हो सका और न ही टंकी में पानी भरा गया। बिजली आने के बाद सारे कार्य शुरु कर दिए गए, ताकि गर्मी में वन्यप्राणियों को परेशानी न हो सके।

**-राजेन्द्र सोरी**, अधीक्षक, कानन पेण्डारी जू



# 25 से खोले जाएंगे खूंटाघाट बांध के गेट

### भीषण गर्मी में सूखने की कगार पर गांव के तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी में गांवों के तालाब सूखने की स्थिति में पहुंच चुके हैं। ऐसे में उनमें जलभराव का जिम्मा एक बार फिर जिले के सबसे बड़े बांध खूंटाघाट पर ही है। निस्तारी तालाबों में जलभराव के उद्देश्य से बांध के गेट 25 अप्रैल से खोले जाएंगे। वैसे तो बांध के गेट तालाबों में जलभराव होने तक खुले रहेंगे, लेकिन कम से कम पंद्रह दिनों तक के लिए गेट खोले जाने की संभावना जताई गई है।

■ तालाबों में निस्तारी के लिए भरा जाएगा पानी

गर्मी के दिनों में जब पानी के लिए चारों ओर हाहाकार मचता है तो इस समस्या का हल ढूंढने लोगों की नजर जिले के सबसे बड़े बांध खारंग जलाशय की ओर ही होती है। इस बार भी ऐसा ही होने वाला है। तालाबों में निस्तारी के लिए पानी भरने बांध के गेट खोलने की मांग वैसे तो अप्रैल के पहले सप्ताह से ही आने लगी थी, लेकिन सिंचाई विभाग द्वारा अपने स्तर पर कराए गए सर्वे के बाद गांवों में तालाबों में निस्तारी लायक पानी शेष होना पाया गया था। लिहाजा तब बांध के गेट खोलने का निर्णय नहीं लिया गया। आज की स्थिति में अधिकतम तापमान 45 डिग्री पहुंचने को है, ऐसे में तालाब पूरी तरह सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं। गांवों से लगातार बांध से पानी देने की मांग भी आने लगी है। लिहाजा सिंचाई विभाग द्वारा 25 अप्रैल से बांध की दोनों नहरों में पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है। ज्ञात हो कि दोनों नहरों को मिलाकर बांध से करीब दो सौ तालाबों में जलभराव किया जाता है।

### खारंग जलाशय में अभी 84 प्रतिशत जलभराव

खारंग जलाशय में अभी 84 प्रतिशत जलभराव उपलब्ध है, जो कि बांध की काफी अच्छी स्थिति है। इस साल बारिश जल्दी होने के कारण बांध में पर्याप्त जलभराव हुआ था, बल्कि समय से पहले शत प्रतिशत जलभराव भी हो गया था। स्थिति यह थी कि बांध से डेढ़ महीने तक लगातार वेस्टवियर चलता रहा। यही कारण है कि वर्तमान में बांध में जलभराव की स्थिति काफी अच्छी है।

### 25 को खोल सकते हैं बांध के गेट


25 अप्रैल को सुबह 11 बजे से खारंग जलाशय के गेट खोले जा सकते हैं। गांव के तालाब सूखने की स्थिति में आ जाने के कारण निस्तारी के लिए बांध से पानी की मांग की जाने लगी थी। बांध में अभी 84 प्रतिशत जलभराव उपलब्ध है, जो कि काफी अच्छी स्थिति है।

**-पीएन श्रीवास्तव**, एसडीओ खारंग डिवीजन

# चार अफसरों की टीम करेगी बेपटरी मालगाड़ी की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कटनी से बिलासपुर आ रही मालगाड़ी अचानक बेपटरी हो गई थी, जिसके कारण बिलासपुर से कटनी के बीच तीनों लाइन ब्लाक हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के आदेश पर चार अफसरों की टीम गठित कर दी है, जिनकी जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



जानकारी के अनुसार कटनी से बिलासपुर की ओर आ रही खाली एन बॉक्स मालगाड़ी के दो वैगन के बीच लगी योग असेंबली टूटने के कारण बड़ी दुर्घटना हो गई। मालगाड़ी के वैगन अचानक पटरी से उतरने से बिलासपुर-कटनी रूट पर तीनों लाइन पर घंटो यातायात बाधित रहा। मालगाड़ी सुबह 10.20 बजे मुदरिया स्टेशन पार कर रही थी। इस दौरान 27 व 28 नम्बर के वैगन के बीच लगी योग असेंबली अचानक टूटकर नीचे गई, जिसके कारण 27वें नंबर का वैगन बेपटरी हो गया। ट्रेन की गति कम होने की वजह से वैगन ज्यादा दूर तक नहीं घिसट सके और मालगाड़ी तत्काल रूक गई। इसके कारण एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। घटना की सूचना मिलते ही मालगाड़ी के मैनेजर राकेश कुमार ने स्टेशन मास्टर को अवगत कराया, जिसके उपरांत रेलवे के इंजीनियरों की टीम मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। टीम ने आगे के 30 और पीछे के 26वें वगनों को अलग कर मालगाड़ी आगे रवाना किया। बेपटरी हुए वैगन को बाद में पटरी पर वापस रखा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के आदेश पर जांच टीम गठित कर दी गई है, जिसमें एडीएमई, एडीएसओ, एडीईई/ओपी, एडीईएन शामिल हैं। चारों अफसरों की टीम जांच के बाद अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे।

# पेट्रोल पंप कर्मी से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रंगयुक्त नोट बदलकर देने कहने पर पेट्रोल पंप कर्मी से युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। आग लगा देने की धमकी देकर गमला उठा कर मशीन पर पटक दिया, इससे वहां चिंगारी निकलने लगी, किसी तरह फायर सिलेंडर से आग को बुझाया गया। हमलावर युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। इस दौरान आसपास खड़े लोगों में अफरा-तफरी मच गई, किसी तरह मामले को शांत कराया गया। युवक वहां से फरार हो गए।



■ युवकों ने गमला उठाकर मशीन पर फेंका चिंगारी निकलने से मचा हड़कंप

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, तोरवा पटेल मोहल्ला निवासी दुर्गेश पटेल पिता स्व. अशोक पटेल सरकण्डा बहतराई करतान फ्यूल्स पेट्रोल पंप में मैनेजर है। 20 अप्रैल को रात 12.30 बजे एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 वाय, 0663 का चालक पेट्रोल भराकर 100 को नोट दिया। कर्मचारी नितिश भारद्वाज ने रंग युक्त नोट होने से बदलकर देने को कहा तो युवक उसके साथ गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उसका एक साथ अपना नाम गोपेन्द्र गोयल उर्फ बबलू बताया एवं उसके दो साथी नितिश के साथ मारपीट करने लगे।

मैनेजर श्री पटेल बीच बचाव करने गए तो उनके साथ भी मारपीट कर माचिस से पेट्रोल पंप में आग लगाने की धमकी देकर गमला उठाकर मशीन के उपर पटक दिया। जिससे आग की चिंगारी निकलने लगी। आनन फानन में कर्मचारियों के द्वारा फायर सिलेण्डर से आग बुझाया गया है।

पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर गोपेन्द्र गोयल एवं उसके साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 324, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। पुलिस गुण्डागर्दी करने वालों को नहीं पकड़ पाई है।

### अनाचार कर वीड़ियो वायरल करने की धमकी

**बिलासपुर।** अनाचार कर वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली युवती के साथ झलमला निवासी सूरज कुमार सोनी पिता सुहाराम सोनी 33 साल शादी करने का झांसा देकर अनाचार किया और वीडियो बना लिया। उसके बाद युवती को वीडियों वायरल करने की धमकी देने लगा। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

■ आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# रेलवेकर्मी के सूने मकान से नकद और चांदी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक बार फिर चोरों ने रेलवेकर्मी के सूने मकान में धावा बोला। चोर एक लाख 10 हजार रुपए नकद व चांदी के जेवर चोरी कर भाग गए। गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, कंस्ट्रक्शन कालोनी शिव मंदिर गली रेलवे क्वार्टर क्रमांक 894/3 निवासी उत्तम कुमार अनंत पिता यादराम अनंत रेलवे इंजीनियरिंग विभाग में सहायक कार्य के पद पर पदस्थ हैं। 20 अप्रैल की सुबह 8 बजे घर के दरवाजे पर ताला लगाकर गृहग्राम परसदा पथरिया बलौदा चले गए थे। देर रात चोरों ने उनके मकान के दरवाजे का कुंदा तोड़कर आराम से घर की तलाशी ली। आलमारी के लॉकर से 1 लाख 10 हजार रुपए नकद, चांदी का पायल, बाजूबंद, दो जोड़ी बिछिया चोरी कर भाग निकले। 21 अप्रैल की सुबह श्री अनंत घर लौटे तो दरवाजे का कुंदा टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान अस्त व्यस्त पड़ा था और आलमारी के लॉकर से नकद व जेवर चोरी हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री अनंत की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।

■ गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी

### पांच दिन में दूसरी वारदात

कंस्ट्रक्शन कालोनी निवासी रेलवेकर्मी मनीष कुमार साहू 17 अप्रैल की रात 8.30 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर शादी में शामिल होने चिंगराजपारा चले गए थे। 18 अप्रैल की सुबह 9 बजे अपने घर आए तो ताला टूटा मिला। आलमारी से 4 तोला सोने के जेवर व 50 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411